CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 321 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 16 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा का कांग्रेस नेताओं को चैलेंज, ट्वीट ट्वीट न खेलकर मैदान में उतर कर बहस करो

## प्रताप नगर में आर यू एच एस प्रांगण में आरोग्य चिकित्सा शिविर उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी बताया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रताप नगर में आरोग्य चिकित्सा शिविर के उद्घाटन समारोह पर अपने भाषण में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चुनौती देते हुए कहा है कि ट्वीट ट्वीट खेलने की बजाय वह मैदान में आकर उनसे बहस करें हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जो कार्य किए हैं और उनकी सरकार ने 5 साल में जो कार्य किए हैं उन कार्यों की तुलना कर लीजिए हमारी सरकार ने जो 2 साल में कार्य किया है उतने कार्य कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में नहीं किया उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और कांग्रेस पार्टी शुरू से ही भ्रष्टाचार की जननी रही है उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को ललकारा और कहा कि चाहे भ्रष्टाचार का मामला हो या फिर विकास कार्यों का मामला हो कांग्रेस के नेता मैदान में आकर उनसे बहस करें उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा के अंदर और राजस्थान विधानसभा के बाहर दोनों ही जगह पर हम कांग्रेस पार्टी के नेताओं से बहस करने के लिए तैयार हैं उन्होंने अपने भाषण में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली का नाम तो नहीं लिया लेकिन उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता रोजाना ट्वीट ट्वीट खेलते हैं लेकिन सामने आकर उनसे कोई बहस नहीं करता उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से सार्वजनिक सभाओं पार्टी के मंच और हर जगह बराबर कांग्रेस



पार्टी के नेताओं को बहस के लिए आमंत्रित करते हैं उनसे हमारी सरकार के 2 साल के कार्यों और उनकी सरकार के 5 साल के कार्यों की तुलना के बारे में सवाल पूछते हैं लेकिन उनके सवालों का कांग्रेस पार्टी के नेता जवाब नहीं दे रहे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जवाब कहां से देंगे क्योंकि उनके पास कोई जवाब है ही नहीं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में पानी, बिजली, सड़क , कृषि ,उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, खनन इत्यादि क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य किए हैं कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय किए हैं जिनका कोई तोड़ कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास नहीं है कांग्रेस पार्टी के नेता सिर्फ सोशल मीडिया के योद्धा बने हुए हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं लेकिन प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती है कि किसने यहां भ्रष्टाचार किया और कौन भ्रष्टाचार की जननी है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दौरान अनेक सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ सभी भर्ती परीक्षाओं का शानदार तरीके से संपादन हुआ जबकि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक सभी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं और बेरोजगारों के साथ ना इंसाफी हुई उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन घोटाला और अन्य कई घोटाले पूरे 5 साल तक होते रहे जिसकी वजह से पिछली सरकार के मंत्रियों और कई बड़े लोगों को जेल में जाना पड़ा उन्होंने कहा कि चाहे कोई कितना ही बड़ा और प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो जिसने भी भ्रष्टाचार किया है उन सबको जेल भेजेंगे अगर कोई यह सोचे कि हम तो प्रभाव वाले हैं हमें कौन पकड़ेगा तो वह गलत सोच रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मैं गांव की मिट्टी और किसानों के बीच पलकर बड़ा हुआ हूं मुझे गरीब मजदूर और किसान की पीड़ा और तकलीफ का अच्छी तरह से आभास है क्योंकि मैं बचपन में और युवा अवस्था में गरीब की पीड़ा को आंखों से देखा है इसलिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने सबसे पहले प्रदेश के गरीब मजदूर किसान युवा वर्ग और महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य करने की दिशा में तेजी से कार्य किया उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब मजदूर किसान युवा और महिला हितेषी सरकार है और इन सब के हितों को देखते हुए ही नीतियों औरयोजनाएं बना रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, उद्योग, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण वन संरक्षण, प्रदूषण संरक्षण इत्यादि सभी क्षेत्रों में पिछले 2 साल में काफी कार्य किया है जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में हमारी सरकार तेजी से विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि चिकित्सा और आयुर्वेद के क्षेत्र में हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में व्यापक तौर पर प्रदेश के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले लिए हैं उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की अच्छी तरह से जानकारी है कि एक गरीब परिवार में कोई बीमार होता है तो उस परिवार के सदस्यों की मानसिक स्थिति कैसी होती है इस बात का उन्हें अच्छी तरह से आभास है इसीलिए प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और प्रदेश के लोगों को समुचित चिकित्सा व्यवस्था सही समय पर मिले इसके लिए भी सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि एक भी मरीज की मौत पैसों की तंगी की वजह से और समुचित इलाज नहीं मिलने से नहीं हो इसके लिए हमारी सरकार कृत संकल्प है और चिकित्सा आयुर्वेद विभाग से जुड़े सभी बड़े अधिकारियों को साफ निर्देशित किया है कि वे सरकारी और निजी अस्पतालों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें मरीजों को समुचित इलाज मिल रहा है या नहीं इसके बारे में कड़ी निगरानी रखें उल्लेखनीय है कि सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश भर में जिला अस्पताल अस्पताल सामुदायिक केंद्र प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केदो पर विशेष चिकित्सा और आरोग्य शिविर का सोमवार को आयोजन किया गया जिसमें लोगों के स्वास्थ्य का चेकअप किया गया और उन्हें मुफ्त में दवाई और अन्य संसाधन उपलब्ध करवाए गए इसी क्रम में प्रताप नगर में भी आरोग्य चिकित्सा शिविर का राज्य स्तरीय आयोजन किया गया था जिसमें चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर मुख्य सचिव श्रीनिवास और चिकित्सा विभाग के सचिव गायत्री राठौर सहित अन्य कई बड़े अधिकारी उपस्थित रहे इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने यहां कई तरह की सौगातें भी ।

# नितिन नवीन ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार संभाला, युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने की अभिनव पहल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।(कासं.)।** नितिन नवीन ने सोमवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में बड़े नेताओं की मौजूदगी में कार्यभार संभाला इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृहमंत्री अमित शाह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल धर्मेंद्र प्रधान सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता मौजूद रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश भर के भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों ने नितिन नवीन को उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं



प्रेषित की है राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने भी उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी है । बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा की ओर से लिए गए इस निर्णय पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह बिहार के लिए गर्व का विषय है इससे पहले दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में नितिन नवीन के पहुंचने पर वहां मौजूद पार्टी के संगठन से जुड़े सभी नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया कार्यभार ग्रहण करने के बाद नितिन नवीन ने पार्टी के सभी सीनियर नेताओं से आशीर्वाद लिया पार्टी के सीनियर लीडर मुरली मनोहर जोशी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी उन्होंने दिल्ली में मुलाकात की है जानकार लोगों का कहना है कि यह बिल्कुल तय है कि आने वाले दिनों में नितिन नवीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हो सकते हैं क्योंकि जब वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा को पहली बार अध्यक्ष बनाया गया था उससे पहले उन्हें भी कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई थी उस समय अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और जेपी नड्डा ने कई दिनों तक कार्यकारी अध्यक्ष पद के रूप में अमित शाह का सहयोग किया था अब नितिन नवीन भी ठीक उसी तरह से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे जिस तरह से जेपी नड्डा ने अमित शाह के अधीन कार्यकारी अध्यक्ष पद के रूप में जिम्मेदारी निभाई थी और फिर बाद में अमित शाह के हटने के बाद जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया था इसलिए नितिन नवीन के अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के पूरे चांस है कहा जा रहा है कि पार्टी में युवा नेतृत्व को पूरा मौका देने तथा देश की जनता में और देश के युवाओं में एक बड़ा संदेश देने के लिए नितिन नवीन को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

# भाजपा ने बंगाल के लिए बदली रणनीति; बूथ, वोट अंतर और डाटा पर नया दांव

जयपुर टाईम्स

**(एंजेसी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी रणनीति को नए सिरे से आकार दे रही है। पार्टी इस बार बड़े कार्यक्रमों और हाई-प्रोफाइल राजनीति की जगह डाटा आधारित विश्लेषण, बूथ स्तर की तैयारी और वोट मार्जिन पर फोकस कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक यह रणनीति 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों व 2021 के विधानसभा चुनावों के नतीजों और वोट अंतर (मार्जिन) के गहन अध्ययन पर आधारित है। इसका उद्देश्य उन विधानसभा क्षेत्रों को प्राथमिकता देना है, जहां भाजपा पहले जीत चुकी है या कड़ी टक्कर देती रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में करीब 50 अल्पसंख्यक बहुल सीटें ऐसी हैं, जो संगठनात्मक और सामाजिक कारणों से 'संरचनात्मक रूप से कठिन' हैं। इन सीटों को पार्टी ने अपनी मुख्य चुनावी गणना से अलग रखा है। ये ऐसी सीटें हैं, जहां बूथ एजेंट तैनात करना, संगठनात्मक उपस्थिति बनाए रखना और स्थानीय नेटवर्क का मुकाबला करना लगातार चुनौतियां पेश करता है। इस वास्तविकता से लड़ने के बजाय, पार्टी ने ऐसी सीटों को अपने मुख्य चुनावी गणित से बाहर रखने का फैसला किया है। भाजपा का तर्क है कि जब इन 'मुश्किल' सीटों को अलग कर दिया जाता है, तो सत्ता तक पहुंचने का रास्ता छोटा और स्पष्ट हो जाता है। राज्य भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य के मुताबिक बंगाल के लोग बदलाव चाहते हैं, क्योंकि वे टीएमसी के कुशासन से तंग आ चुके हैं।

# पीएम मोदी सरकार के कार्यों की प्रशंसा कर सीएम शर्मा को जन्मदिन की दी शुभकामना

## मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर प्रदेश भर में आयोजित हुए कई सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम, शासन सचिवालय और प्रदेश भर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कहीं पर लोगों ने गौशालाओं में पशुओं को चारा खिलाया तो कहीं पर कहीं पर फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कंबल बांटे तो कहीं पर अस्पतालों में जाकर मरीजों की सेव करके मुख्यमंत्री शर्मा के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की लोगों ने कामना की**

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर सोमवार को राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश भर में विभिन्न तरह के सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और हर जाति बिरादरी के लोगों ने आयोजन किया राजधानी जयपुर में शासन सचिवालय में लाइब्रेरी बिल्डिंग के सामने शासन सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में सरकार के मंत्री झाबर सिंह खर्रा जोराराम कुमावत और राज्य मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्यों के अलावा मुख्य सचिव और विभिन्न विभागों के बड़े अधिकारी मौजूद रहे इस शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर रक्तदान करके मुख्यमंत्री शर्मा के अच्छे और स्वस्थ जीवन की कामनाकी द्य मुख्यमंत्री शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में भी कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तो कई जगहों पर मुख्यमंत्री शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में भी कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा गौशालाओं में जाकर लोगों ने गायों को चारा खिलाया तथा विभिन्न अस्पतालों में उपचार कर रहे गरीब और मजदूर लोगों को लोगों ने भोजन खिलाया कपड़े बांटे तथा जयपुर में कई जगहों पर फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रविवार की रात ही भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरित किए इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी रविवार की रात फुटपाथ पर सो रहे लोगों को





मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर कंबल बांटे मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर जयपुर के अलावा उदयपुर कोटा भरतपुर करौली सवाई माधोपुर दौसा जोधपुर श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ भरतपुर अलवर सीकर कोटा झालावाड़ बूंदी नागौर झुंझुनू चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा डूंगरपुर बांसवाड़ा राजसमंद उदयपुर धौलपुर सहित कई जिलों में जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान शिविर और सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों का आयोजन करके अपने लाडले लीडर मुख्यमंत्री शर्मा के लंबे जीवन और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा राज्यपाल हरिभाऊ बागडे प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ राजस्थान मंत्रिमंडल के सदस्य झाबर सिंह खर्रा जोराराम कुमावत सुमित गोदारा हेमंत मीना किरोड़ी मीणा अविनाश गहलोत कन्हैया लाल चौधरी संजय शर्मा मदन दिलावर सुरेश सिंह रावत जवाहर सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े नेता मुकेश दाधीच श्रवण बागड़ी इत्यादि नेताओं ने मुख्यमंत्री शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भजनलाल शर्मा के कार्यों और निर्णय की प्रशंसा करके उनके लंबे जीवन और स्वस्थ जीवन की कामना की : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और लंबे जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की है मोदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले 2 साल में राजस्थान को हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ाया है हर क्षेत्र में अच्छे विकास कार्य किए हैं और प्रदेश की जनता की समर्पित भाव से सरकार सेवा कर रही है मोदी का मुख्यमंत्री शर्मा को इस तरह से जन्मदिन पर बधाई देना और सरकार के कार्यों की जमकर प्रशंसा करना इस बात का संकेत है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री के रूप में खुद को साबित करके दिखाया है हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले भी कई बार प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों की और फसलों की जमकर तारीफ कर कार्यों की जमकर प्रशंसा करना इस बात का संकेत है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री के रूप में खुद को साबित करके दिखाया है हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले भी कई बार प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों और निर्णय की जमकर तारीफ कर चुके हैं मोदी ने व्यक्तिगत तौर पर भी मुख्यमंत्री शर्मा की कई बार प्रशंसा की है इसलिए यह तो कहना ही पड़ेगा कि मुख्यमंत्री शर्मा ने कहीं ना कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में अपना एक अलग से मुकाम बना लिया है यह मुकाम उन्होंने अपनी कठिन मेहनत और समर्पित भाव से प्रदेश की जनता और पार्टी की सेवा करके बनाया है इसीलिए आज दिल्ली में बैठे भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता और सभी केंद्रीय मंत्री मुख्यमंत्री शर्मा से व्यक्तिगत रूप से भी काफी प्रभावित हैं और सरकार ने 2 साल में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं हर क्षेत्र में व्यापक तौर पर बड़े-बड़े फैसले लिए हैं उसकी वजह से वे देश में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री में सबसे श्रेष्ट मुख्यमंत्री की श्रेणी में माने जा रहे हैं पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में भी भजनलाल सरकार की ओर से लिए गए कई फैसलों की उन्होंने तारीफ की है और देश की अन्य सरकारों को भी भजनलाल सरकार के फैसलों को अमल करने की बात कह चुके हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को अपनी पत्नी के साथ जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश की तरक्की तथा प्रदेश के हर जाति और बिरादरी के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए भगवान से प्रार्थना की गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने वैदिक मंत्र उच्चारण से मुख्यमंत्री के हाथों पूजा अर्चना करवाई इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने गायों को चारा भी खिलाया मुख्यमंत्री शर्मा अपनी पत्नी के साथ जयपुर के आराध्य गोविंद देव जी मंदिर भी गए जहां पर उन्होंने राधा गोविंद के दर्शन करके प्रदेश को खुशहाल बनाने की कामना की मुख्यमंत्री शर्मा भरतपुर जिले में पूछती का लोटा देवस्थान पर भी गए जहां पर उन्होंने पत्नी के साथ पूजा अर्चना की इस अलौकिक देव स्थान पर मुख्यमंत्री शर्मा कई सालों से निरंतर यहां समय-समय पर आते रहे हैं इस स्थान के प्रति मुख्यमंत्री शर्मा की गहरी निष्ठा है और अपने जन्मदिन पर यहां हर साल कई सालों से आते रहे हैं जन्मदिन के अलावा भी साल में कई बार यहां दर्शन करने आते हैं मुख्यमंत्री शर्मा गिरिराज जी के भी अनन्य भक्त हैं और यहां पर बचपन और युवा अवस्था से ही नियमित रूप से परिक्रमा करने और दर्शन करने आते रहते हैं मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे यहां नियमित रूप से आते रहे हैं सोमवार को अपने जन्मदिन पर भी उन्होंने यहां काफी समय बिताया और प्रभु के चरण में बैठकर उन्होंनेप्रदेश के विकास और प्रदेश के लोगों के खुशहाल जीवन की प्रार्थना की

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
16 दिसम्बर, 2025

## स्वास्थ्य, खेल और विकास के कार्यक्रमों में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ. मोहित यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)** भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बहरोड़ क्षेत्र में जनहित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने जिला अस्पताल में आरोग्य शिविर का शुभारंभ कर मरीजों से संवाद किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया डॉ. मोहित ने बर्डोद स्थित स्कूल में सांसद खेल उत्सव के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही हुड़िया कला, कठुवास व महतावास में राजस्थान विकास रथ का स्वागत कर ग्रामीणों से संवाद किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस पर मांढण स्थित गौशाला में गौसेवा कर गौमाताओं को चारा वितरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रमों में नगर परिषद बहरोड अध्यक्ष सीताराम, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, विधानसभा प्रभारी सजन मिश्रा, जिला पार्षद मनोज यादव, बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि, प्रशांत यादव, राजेश फौजी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे

## मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी योजना के अंतर्गत 30 स्कूटी एवं 7 सहायक उपकरण वितरित




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम पर आयोजित कार्यक्रमों के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को जिला खैरथल-तिजारा में जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा लाभार्थियों को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी योजना का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट एवं जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी योजना के अंतर्गत 30 दिव्यांगजन लाभार्थियों को स्कूटी चाबी सौंपी तथा संयुक्त सहायता योजना के अंतर्गत 7 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज, नीरज भडाना, अंकित महावर, सौरभ सिंह, नवीन यादव सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब अलवर ने ट्रैफिक संस्कार कार्यक्रम का किया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा SMD बालिका विद्यालय में ट्रैफिक संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्यवक्ता ट्रैफिक पुलिस अलवर से हरीश पाल व मुनीश यादव थे। इस कार्यक्रम में छात्रों को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी गई, चौराहा पर ट्रैफिक लाइटों की पालना, स्कूटी व टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता, गाड़ी व फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट की अनिवार्यता के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमन के पालन की शपथ दिलाई गई। रोटरी क्लब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया की ट्रैफिक संस्कार कार्यक्रम अन्य सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में भी समय-समय पर चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सचिव ऋषि मित्तल, ट्रैफिक संस्कार कोऑर्डिनेटर कविता खंडेलवाल, रोटेरियन आशीष खंडेलवाल, रोटेरियन आशीष जैन, रोटेरियन सुमन यादव, रोटेरियन अमित छाबरा व रोटेरियन योगेश खंडेलवाल उपस्थित थे।

### जैन मंदिर चोरी का खुलासा

## चांदी का छत्र चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** थाना राजगढ़ पुलिस ने जैन मंदिर से मूर्तियों के चांदी के छत्र व अन्य बहुमूल्य सामान चोरी के मामले में शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी एवं वृत्ताधिकारी राजगढ़ मनीषा मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी राजगढ़ राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई गौरतलब है दिनांक 14 अगस्त 2025 को प्रातः करीब 4 बजे जैन मंदिर में चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोर मंदिर का गेट तोड़कर भीतर घुसा और भगवान पार्श्वनाथ व भगवान महावीर स्वामी की मूर्तियों, चांदी के छत्र (12 नग), चांदी का सिंहासन, पंचमेघ, यंत्र व अन्य अष्टधातु सामग्री सहित दानपात्र से नकदी चुरा ले गया। चोरी गए सामान व नकदी की अनुमानित कीमत 10-12 लाख रुपये बताई गई वही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य व गोपनीय सूचनाओं के आधार पर जांच की। घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपी आदतन शातिर अपराधी है जिसपर दौसा जिले के विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज है वही पुलिस ने आरोपी से चार नग चांदी के छत्र बरामद किए है वही पुलिस आगे की जाँच कर रही है

# जिला कलक्टर ने ली जिला सडक सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक

**अभियान के तहत दुर्घटना संभावित सडक मार्गों एवं हाईवे पर सुरक्षात्मक कदम उठाने, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा अभियान की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 दिसम्बर तक आयोजित सडक सुरक्षा अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने तथा आपातकालीन सहायता प्रणाली को मजबूत करने के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास कर आवश्यक कदम उठावे। उन्होंने आरटीओ एवं सीएमएचओ को निर्देश दिये कि अभियान के तहत वाहन चालकों एवं बालवाहिनियों के वाहन चालकों की नेत्र जांच हेतु शिविर आयोजित करें। साथ ही स्कूल संचालकों पाबंद कर अपने वाहन चालकों का हैल्थ चेकअप करावे। इस संबंध में स्कूल संचालकों से प्रमाण पत्र लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि दुर्घटना घायलों को डेढ लाख रूपये तक निःशुल्क इलाज देय है इसकी पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि शहर में चिन्हित स्थानों पर हाई रेजुलेशन कैमरे लगाने हेतु एक्शन प्लान तैयार करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि जिले में जिन 38 स्कूलों के पास सडक का निर्माण कार्य चल रहा है या चालू होने वाला है, उन सडकों पर रोड सेफ्टी साइनेज लगवाएं। उन्होंने एनएचआई, आरएसआरडीसी, रिडकोर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ सडक सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। जिले के चिन्हित दुर्घटना संभावित पॉइंटों की गहन मॉनिटरिंग कर उन स्थानों पर सडक दुर्घटनाओं को जीओ स्तर पर लाएं। साथ ही उन्होंने एनएचआई एवं पुलिस को निर्देश दिये कि संयुक्त टीम के द्वारा दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस हाई-वे पर अवैध ढाबे हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस एवं परिवहन विभाग ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, विदआउट नंबर प्लेट गाडियों इत्यादि पर संयुक्त कार्रवाई कर प्रभावी लगाम लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने में पुनरावर्ती होने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। एनजीओ, स्वयसेवी संस्थाएँ एव स्थानीय युवाओं को जोड़कर हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल उपयोग निषेध, डिपर उपयोग आदि का विशेष प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिये कि ब्लैक स्पॉट के कार्य का सत्यापन करावे। उन्होंने यूआईटी व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में सड़क नवीनीकरण, फुटपाथ व डिवाइडर मरम्मत एवं रखरखाव, स्वच्छता और यातायात संकेतक कार्य त्वरित गति से पूर्ण किए जाएं। बैठक में एडीएम शहर बीना महावर, आरटीओ रविन्द्र जोशी, डीटीओ सविता भारद्वाज, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक शिवानी, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान, नगर निगम के अधिशासी अभियन्ता खेमराज मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं आरोग्य कैम्प हुआ आयोजित

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर युवाओं ने किया बढचढकर रक्तदान**




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला चिकित्सालय सहित जिले के 9 चिकित्सा संस्थानों में रक्तदान शिविर तथा जिला चिकित्सालय एवं जिले के उप जिला चिकित्सालय समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य कैम्प आयोजित हुआ। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सामान्य चिकित्सालय ब्लड बैंक परिसर में वन राज्यमंत्री संजय शर्मा की अगुवाई में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस प्रकार प्रदेश में दो वर्ष के दौरान सभी वर्गों के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो साल के दौरान निष्पक्ष एवं बिना पेपर आउट बडी संख्या में भर्ती कराने पर युवाओं में विशेष उत्साह है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर युवाओं ने उनकी दीर्घायु की कामना कर बढचढकर रक्तदान किया। यह उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का द्योतक है। इस दौरान आरसीएचओ डॉ मंजु शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील चौहान व जनप्रतिनिधिगण एवं बडी संख्या में आमजन व युवा मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि आयोग्य शिविरों में जिला स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं तथा सभी चिकित्सा संस्थाओं पर बीपी, शूगर, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण से छूटे बच्चों का टीकाकरण एवं कैंसर स्क्रीनिंग जैसी मुख्य सेवाएं प्रदान की गई।

## मुख्यमंत्री के नाम एडीएम (द्वितीय) को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** कप्तान छुट्टन लाल संघर्ष समिति द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय को ज्ञापन दिया गया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कला महाविद्यालय चेतन मीणा ने बताया कि यह मांग संघर्ष समिति की सन 2017 से प्रशासन और सरकार से करती आ रही है कि शासन प्रशासन को कई बार इस मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोग प्रयास करते आ रहे हैं। आदिवासी समाज चाहता है कि भूगोर तिराया के आसपास यह समाज मुख्य भूमिका में रहता है इसलिए यहां का नाम कप्तान छुट्टन लाल के नाम पर किया जाए और साथ ही कप्तान छुट्टन लाल की मूर्ति स्थापित की जाए। सरकार द्वारा शीघ्र ही हनुमान चौराहा से भूगोर तिराया तक फोर लाइन का कार्य शुरू होने वाला है साथ ही यहां पर चिड़ियाघर भी प्रस्तावित है इसलिए संघर्ष समिति चाहती है कि 15 दिवस के अंदर भूगोर तिराया का नामांकरण कप्तान छुट्टन लाल के नाम पर किया जाए व मूर्ति स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित की जाए। मीणा ने बताया कि ऐसा नहीं करने पर आदिवासी समाज धरना प्रदर्शन व बड़ा आंदोलन करेगा। ज्ञापन के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर योगेश डागुर से मिलकर संघर्ष समिति ने अपना पक्ष रखा, साथ ही अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) बीना महावर ने भी आश्वासन दिया कि जल्दी आदिवासी समाज की मांगों पर विचार करके आपकी मांगों को पूरा किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र मीणा (पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम), धर्मेंद्र मीणा (पूर्व पार्षद) ओम प्रकाश मीणा (अध्यक्ष कप्तान छुट्टन लाल संघर्ष समिति), चेतन मीना (पूर्व अध्यक्ष कला महाविद्यालय), महेंद्र एडवोकेट, दिनेश छाजूरामपुरा, हुकुम आदुका, प्रमोद मीणा, पिंटू, नरेंद्र, हेमंत, विकास, मुकेश, सुरेश, ऋषि, रजनेश, सुनील, अजीत, संजय खोड़ा, राजेंद्र बैरेर अधिक संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

## होमियोपैथी का निशुल्क मेडिकल चेकअप संपन्न



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** श्याम नगर स्थित श्रीविद्या होम्योपैथी सेंटर पर होम्योपैथिक का निशुल्क मेडिकल चेकअप का कैंप आयोजित किया गया। यह आयोजन महाराजा कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन के सदस्य और होम्योपैथिक के जाने-माने विशेषज्ञ डॉ रविंद्र खत्री द्वारा आयोजन किया गया जिसमें कि भारत सरकार के नेशनल असेसर डॉ. अरविंद जायसवाल को आमंत्रित किया गया, होम्योपैथिक के जनक क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हेनिमेंन की फोटो पर माला और पुष्प अर्पित इस कैंप का शुभारंभ किया। महाराजा एलुमनी के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे, डॉ खत्री ने सभी का स्वागत एवं सत्कार किया। डॉ अरविंद जायसवाल ने उद्घाटन भाषण में कहा कि डॉ खत्री का प्यार हमेशा से ही चला आ रहा है और आज डॉ खत्री ने सामाजिक कार्य के लिए जो यह बीड़ा उठाया वह काबिले तारीफ है, डॉ खत्री ने बताया कि लगभग 190 मरीजों को निशुल्क दवा और जांच की, ज्यादातर लोग पथरी, पाइल्स, बीपी, शुगर इत्यादि बीमारी से ग्रसित थे जिनको की 5 दिन की निशुल्क दवा दी गई, साथ ही श्वष्टल व अन्य टेस्ट भी तुरंत कैंप में ही किए गए। जिससे आम लोगों को फायदा मिला। महाराजा कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन के सदस्य का यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य रहा है।

## भवन भूमि पूजन व पौषबड़ा महोत्सव संपन्न







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रेमनगर, आगरा रोड स्थित जायसवाल समाज भवन में रविवार को भव्य भूमि पूजन, पुनर्निर्माण समारोह एवं पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों समाजबंधुओं ने भाग लिया और भवन निर्माण के लिए तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया समारोह में समाज के भामाशाहों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित गणमान्यजनों ने समाज में एकता, विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। आयोजन के दौरान सभी दानदाताओं व सहयोगकर्ताओं का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने सभी समाजबंधुओं के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए जयपुर में प्रस्तावित जायसवाल भवन (बालिका छात्रावास) निर्माण हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति एवं समाज के वरिष्ठ परामर्शदाताओं का विशेष योगदान रहा इस अवसर पर शिव चरण हाडा, राजेंद्र जायसवाल, गोविंद नारायण जायसवाल, कमल किशोर जायसवाल, जुगल किशोर जायसवाल, राजपाल सिंह जायसवाल, महेश सेठी, उत्तमचंद चौधरी, रामावतार, रामचरण सोमवंशी, गणपत हाडा, पूरनचंद झिरीवाल, डॉ अरविंद जायसवाल, वेद प्रकाश, पूनम गुप्ता, मनीषा सुहालका, नीतू जायसवाल, रेनू जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास पुरुष है- मंत्री शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस पर बीजेपी के जिला अलवर दक्षिण द्वारा सभी 6 विधानसभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया**




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा सभी 6 विधानसभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं जिले के सभी 30 मंडलों में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कठूमर विधानसभा मे 101 यूनिट, अलवर शहर व रामगढ़ मे 59-59, थानागाजी में 51 राजगढ़ में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ अलवर शहर विधानसभा में सुबह केडलगंज व्यापार समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित गौशाला गो पूजन व गो सवामनी, कटोरी तिबारा मधुसूदन गौशाला, बुद्ध विहार गौशाला व सनातनी गौशाला में गौ पूजन व गायों को चारा खिलाकर गोसवामनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे अरावली ब्लड सेंटर में अलवर शहर विधानसभा का रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 59 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास पुरुष है जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता व विकास के दृष्टिकोण से राजस्थान की दशा व दिशा बदलने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार जहां प्रदेश को बीमारू प्रदेश की श्रेणी में छोड़कर गई वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की डबल इंजन सरकार विकास की पटरी पर तीव्र गति से दौड़ रही है। जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। आज प्रदेश का कोई क्षेत्रीय या वर्ग ऐसा नहीं है जिसके लिए प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने कार्य नहीं किया। किसान, युवा व महिलाओ के लिए प्रदेश की भजन लाल सरकार के द्वारा अब अभूतपूर्व ऐतिहासिक कार्य हुए। विकास के पैमाने पर वर्तमान भजनलाल सरकार के 2 वर्ष पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों पर भारी है। सरस डेयरी अध्यक्ष नितिन सागवान ने कहा कि भजनलाल शर्मा विकास पुरुष है, उनकी दूर दृष्टि सोच निश्चित ही राजस्थान को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। उनके नेतृत्व में कृषक, पशुपालक सहित सभी का सर्वांगीण विकास हो रहा है। रक्तदान शिविर स्थल पर ही डॉ. पवन सिंह शेखावत एवं उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर (आरोग्य शिबिर) का भी आयोजन किया गया। इसमें 105 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इस अवसर पर नरेश गोयल, ऋषिराज शर्मा, राजेश तिवारी, शीला जांगिड़, प्रवक्ता जितेंद्र गोयल, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, डॉ.के.के.शर्मा, पंडित जले सिंह, मंडल अध्यक्ष सतीश यादव, जितेंद्र राठौर, जितेंद्र सैनी, महेश निहलवानी, महामंत्री श्याम सुंदर यादव, बबलू गुप्ता, भूपेंद्र राठौर, चतर सिंह गुर्जर, डॉ रवि यादव, भूपेंद्र राठौर, अंजू शर्मा, पार्षद राम अवतार शर्मा, रमाकांत यादव, घनश्याम सोनी, सोनू चौधरी, हेतराम यादव, नवीन यादव, सतीश जांगिड़, गौरव जांगिड़, मानसिंह चौधरी, सागर यादव, सीताराम किराड़, वर्षा सक्सैना, रविराज सिंह चौहान विजय सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# हनुमानगढ़ जिलाधीश कार्यालय को आरडीएस बम से विस्फोट करने की धमकी, दफ्तर और कोर्ट परिसर को खाली करवाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में जिलाधीश कार्यालय और कोर्ट परिसर में बम होने की फर्जी सूचना देने वाले लोगों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है इसीलिए आए दिन प्रदेश में कहीं ना कहीं सरकारी दफ्तर यहां तक की जिलाधीश कार्यालय और कोर्ट परिसर में बम होने की सूचनाएं ईमेल आईडी की ओर से लगातार दी जा रही है सोमवार को भी प्रदेश के हनुमानगढ़ जिलाधीश कार्यालय में अधिकृत वेबसाइट पर जिलाधीश दफ्तर में आरडीएक्स से बम विस्फोट करने की धमकी दी गई जिसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर डॉग स्कवायड और खोजी कुत्ते भी बुलवाए गए हैं पूरे परिसर को खाली करवा लिया गया है तथा कोर्ट परिसर को भी खाली करवाया गया काफी देर तक कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में पुलिस की ओर से सघन जांच पड़ताल और चेकिंग अभियान को अंजाम दिया गया लेकिन कहीं पर भी किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की गई इसके बाद पुलिस ने जिलाधीश कार्यालय को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया जिलाधीश कार्यालय के अधिकृत वेबसाइट पर ईमेल आईडी की ओर से जो आरडीएक्स से बम धमाके करने की सूचना दी गई थी इस ईमेल आईडी के बारे में पुलिस गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि पिछले कई दिनों से जयपुर में भी इस तरह की कई बार धमकियां दी गई लेकिन ईमेल आईडी से धमकी देने वाले व्यक्ति तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है पुलिस को भी अब यकीन हो गया है कि कहीं ना कहीं यह एक ही व्यक्ति पुलिस को भी अब यकीन हो गया है कि कहीं ना कहीं यह एक ही व्यक्ति पुलिस को भी अब यकीन हो गया है कि कहीं ना कहीं यह या तो एक अकेला व्यक्ति है या फिर अपराधियों का एक कोई बड़ा ग्रुप है जो इस तरह की सूचनाओं देकर प्रदेश की आंतरिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पहले ही जयपुर में हाई कोर्ट में लगातार 5 दिन तक ईमेल आईडी से बंद होने की सूचना दी गई इससे पहले भी हाईकोर्ट में दो बार इसी तरह की सूचना दी गई इसके अलावा जयपुर जिलाधीश कार्यालय में भी एक से ज्यादा बार बम होने की सूचना दी गई अजमेर जिलाधीश कार्यालय में भी एक से ज्यादा बार बम होने की सूचना दी गई अजमेर दरगाह में भी बम होने की सूचना दी गई यह सभी सूचनाओं ईमेल आईडी के माध्यम से दी गई पुलिस ने इन सब मामलों की जांच पड़ताल भी शुरू की इन मामलों की जांच पड़ताल जारी भी है लेकिन मेल करने वाले व्यक्ति को पुलिस अब तक नहीं ढूंढ पाई है शायद यही वजह है कि प्रदेश में आए दिन किसी ने किसी जिलाधीश कार्यालय या सरकारी दफ्तर को ईमेल आईडी के माध्यम से बम होने की सूचना देकर पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों में खलबली मचाई जा रही है इसके अलावा राजस्थान हाई कोर्ट में भी लगातार 5 दिन तक हाई कोर्ट के कामकाज इस तरह की सूचनाओं से बाधित रहे क्योंकि पुलिस को बम की तलाशी के लिए हाई कोर्ट परिसर को खाली करना ही पड़ता है इसलिए बार-बार यहां पर हाई कोर्ट का कार्य बाधित होता रहा लेकिन पुलिस अब तक मेल करने वाली व्यक्ति को नहीं पहचान पाई है ।




# गांधीनगर मोड पर शंकर मिष्ठान भंडार के मालिक की होटल सीज़

## मिष्ठान भंडार का गाजर का हलवा खाने से पुलिस मुख्यालय के अधिकारी और कर्मचारी हो गए थे बीमार, सोमवार को जेडीए ने अवैध होटल के खिलाफ कार्रवाई की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर के प्रमुख शंकर मिष्ठान भंडार के मालिक मदनलाल की गांधीनगर मोड पर स्थित अवैध होटल के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की है होटल को सीज कर दिया गया है जेडीए अधिकारियों का कहना है कि यह होटल नियम और कानून को दरकिनार करके तैयार की जा रही थी होटल में 30 कमरे बने हुए थे और मानचित्र और नक्शा जेडीए की ओर से स्वीकृत नहीं होने की वजह से जयपुर विकास प्राधिकरण के परिवर्तन दस्ते ने सोमवार को यहां बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया जानकारी के अनुसार पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय में एक जन्मदिन समारोह के तहत शंकर मिष्ठान भंडार से गाजर का हलवा मंगवाया गया था इस हलवे के सेवन से कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की तबीयत है बिगड़ गई थी इसके बाद संबंधित विभाग की ओर से यहां आकर खाद्य वस्तुओं की जांच पड़ताल की गई जहां पर खाद्य वस्तुएं तैयार की जाती है वहां भी खाद्य वस्तुओं के सैंपल एकत्रित किए थे अब जिस तरह से सोमवार को गांधीनगर मोड पर इस मिष्ठान भंडार के मालिक की ओर से होटल बनाया गया था उसको भी जेडीए अब नियम और कानून के खिलाफ बता रहा है और इस होटल के खिलाफ जेडीए की प्रवर्तनशाखा ने कड़ी कार्रवाई की है लेकिन यहां बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि शहर के बीचो-बीच बिल्कुल ओपन में इतना आलीशान होटल बनकर तैयार हो गया आखिर इतने दिनों तक जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी क्या कर रहे थे संबंधित अधिकारी और प्रवर्तनशाखा के अधिकारियों को यह होटल नजर क्यों नहीं आया यह होटल शहर के बीचो-बीच व्यस्त इलाके में है और पुलिस महानिदेशक जेडीए के आयुक्त ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के तमाम मंत्री इस होटल के सामने से कई बार गुजरते हैं इसके बावजूद भी यह होटल बनकर तैयार हो गया बाद में जब इस मिष्ठान भंडार का हलवा खाने से पुलिसकर्मी और अधिकारी बीमार हुए तब जाकर जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते की आंख खुली और उन्होंने अब सोमवार को इस होटल के खिलाफ कार्रवाई की ।

# तीन मंजिल भवन गिरा, मलबे में दबे दो युवकों को किया सफल रेस्क्यू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अजमेर के गंज थाना इलाके में सिने वर्ल्ड के पास तीन मंजिला भवन गिर गया जिसकी वजह से मलवे में दो मजदूर दब गए जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया घायल मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है इस हादसे के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं बिल्डिंग के मलबे को युद्ध स्तर पर हटाया जा रहा है ताकि रास्ता अवरुद्ध नहीं हो जानकारी के अनुसार सिने वर्ल्ड के पास स्थित तीन मंजिल भवन का सौदा हुआ था इस भवन को ध्वस्त करने के लिए पिछले कुछ दिनों से बिल्डिंग के एक-एक हिस्से को गिराया जा रहा था लेकिन सोमवार को अचानक की पूरी बिल्डिंग ध्वस्त हो गई जिसकी वजह से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में खलबली मच गई मलबे में दो मजदूर दब गए जिन्हें रेस्क्यू करके सुरक्षित मलबे से बाहर निकाल लिया गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि इस भवन को ध्वस्त करने की प्रक्रिया में भवन पर तिरपाल स्थापित नहीं किया गया जबकि नियम और कानून के मुताबिक जिस भवन को गिराया जाता है उस भवन के मलबे से आसपास के इलाके का वातावरण प्रदूषित नहीं हो इसके लिए भवन के आसपास के मकान पर भी तिरपाल से ढक दिया जाता है तथा जिस भवन को गिराया जाता है उस पर भी तिरपाल स्थापित किया जाता है ताकि भवन को स्वस्थ करने के दौरान जो मिट्टी धूल मलवा उड़ता है उससे आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर खराब असर नहीं पड़े लेकिन यहां पर ना तो भवन पर ट्रिपल स्थापित किया गया और ना तो भवन पर तिरपाल स्थापित किया गया और ना ही आसपास के भवन पर तिरपाल लगाया गया जो सरासर नियमों के खिलाफ है ।

# एसीबी ने डॉक्टर को 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते दबोचा, आयुष्मान योजना में बिल पास करने का मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एसीबी की ओर से बीकानेर के बाद भीलवाड़ा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक डॉक्टर को 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की पूछताछ में गिरफ्तार डॉक्टर पंकज ने जयपुर के डॉक्टर कुलदीप के लिए रिश्वत की रकम लेना बताया है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार डॉक्टर पंकज है जिसने परिवादी से आयुष्मान योजना में इंश्योरेंस कंपनी का बिल पास करने की एवरेज में रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया गया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद सोमवार को आरोपी डॉक्टर पंकज को गिरफ्तार करने के लिए एसीबी ने एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत सोमवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी डॉक्टर पंकज को रिश्वत के 11 लाख रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ पंकज को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है पंकज ने पूछताछ में जयपुर के डॉक्टर कुलदीप का नाम लिया है इसलिए अब एसीबी की टीम कुलदीप नाम के डॉक्टर से भी पूछताछ करने जा रही है ।

# धोखाधड़ी का फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे ईनामी आरोपी बीजाराम निवासी हबसपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी अजमेर जिले के किशनगढ़ क्षेत्र में फरारी काट रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा (आईपीएस) ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज के निर्देशन में वांछित व ईनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में थाना अधिकारी सांभरलेक राममिलन मीणा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सूचना संकलन व तकनीकी सहायता के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को किशनगढ़, जिला अजमेर से दबोच लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अधिकारी राममिलन मीणा, हेड कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल अजय कुमार, बजरंग लाल नरेश कुमार शामिल रहे।

# जीईसीआरसी कॉलेज में रैगिंग, जूनियर छात्र को चाकू मारा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद देश के विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालय में रिंगिंग की घटनाओं पर पाबंदी लगाने के लिए कॉलेज और यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कड़े कदम भी उठाए जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के कई अन्य कॉलेज और विश्वविद्यालय में रिंगिंग की घटनाएं नियमित रूप से सामने आ रही है अभी जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में भी इसी तरह की शिकायत जूनियर स्टूडेंट की ओर से यूजीसी की वेबसाइट पर की गई थी इसके बाद एक अन्य कॉलेज में भी इस तरह की घटना सामने आई और अब शिवदासपुरा थाना इलाके के जर्क जे ईसीआरसी कॉलेज में सीनियर स्टूडेंट की ओर से जूनियर स्टूडेंट के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई विरोध करने पर जूनियर स्टूडेंट पर चाकू से वार किए गए जिसकी वजह से वह घायल हो गया इस आशय की रिपोर्ट पीड़ित छात्रा के पिता की ओर से पुलिस में दर्ज करवाई गई है पुलिस ने पीड़ित छात्रा के पिता के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस रिपोर्ट में कुछ छात्रों के नाम भी अंकित किए गए हैं आरोपी छात्रों के अलावा यूनिवर्सिटी प्रशासन से भी पुलिस पूछताछ कर रही है पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित छात्रा 12 दिसंबर की शाम करीब 5:00 बजे जब कॉलेज से बाहर निकाला तो वहां सीनियर स्टूडेंट पहले से ही खड़े हुए थे जिन्होंने पीड़ित छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया गलत टिप्पणियां की विरोध करने पर पीड़ित छात्रा के साथ सीनियर छात्रों के समूह ने मारपीट शुरू कर दी मारपीट के दौरान ही पीढ़ी छात्र पर चाकू से वार किए गए जिसकी वजह से वह घायल हो गया इस घटना ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से रिंगिंग की घटना को रोकने के लिए भले ही कमेटी बना दी गई हो और कई तरह के प्रयास किए गए हो लेकिन ऐसा लगता है कि कमेटी और यह प्रयास सिर्फ कागजों में दिखाई दे रहे हैं हकीकत में सीनियर स्टूडेंटों को कमेटी के सदस्यों की ओर से इस तरह की घटना को अंजाम देने के लिए समय-समय पर समझाया नहीं जाता या फिर कमेटी की ओर से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी निगरानी नहीं रखी जा रही इसी का परिणाम है कि इस तरह की घटनाएं कॉलेज और यूनिवर्सिटी में घट रही है जो ठीक नहीं कहीं जा सकती क्योंकि इस तरह की घटनाओं से जूनियर स्टूडेंट शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को काफी कमजोर समझना है और कई बार वह अपने को अपमानित समझते हुए आत्महत्या तक करने के बारे में सोचने लग जाता है इसलिए इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए गंभीरता से कॉलेज और यूनिवर्सिटी प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए ।

# ए. आर.डी विभाग के सरकारी दफ्तरों पर छापे, कई दफ्तर में अधिकारी और कर्मचारी गायब मिले

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** शासन सचिवालय एआरडी विभाग की टीमों की ओर से सोमवार को प्रदेश के करौली में अनेक सरकारी विभागों में एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें अधिकांश जगहों पर विभिन्न सरकारी दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं मिले यह छापामार कार्रवाई सोमवार को सुबह की गई नगर परिषद दफ्तर जिला परिषद दफ्तर जिलाधीश कार्यालय वन विभाग परिवहन विभाग खनन विभाग आबकारी विभाग चिकित्सा विभाग सहित कई अनेक सरकारी दफ्तरों में अलग-अलग टीमों की ओर से छापामार कार्रवाई को एक साथ अंजाम दिया गया जैसे ही अधिकारियों और कर्मचारियों को इस छापामार कार्रवाई का पता चला वे तुरंत ऑफिस भी पहुंचे लेकिन तब तक वहां छापामार कार्रवाई को अंजाम देने वाले अधिकारी अपनी ओर से तमाम तरह की कागजी कार्रवाई पूरी कर चुके थे जो अधिकारी और कर्मचारी ऑफिस समय पर नहीं आए उन्हें नोटिस देने के लिए संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों को कहा गया है । प्रदेश के नए मुख्य सचिव श्रीनिवास काफी एक्टिव अधिकारी हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को बार-बार हमेशा यही कहते रहते हैं कि आप समय पर ऑफिस आए और समय पर जाइए ड्यूटी अवधि के दौरान ईमानदारी और मेहनत से जनता का कार्य कीजिए चाहे जनप्रतिनिधि हो या फिर अधिकारी कर्मचारी सब जनता के सेवक हैं और नौकर हैं इसलिए निर्धारित समय पर ऑफिस में आना और निर्धारित समय पर ही ऑफिस को छोड़ना यह हर अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी है इसीलिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी खुद शासन सचिवालय में विभिन्न बड़े अधिकारियों के दफ्तर में अचानक जांच पड़ताल करने के लिए सुबह-सुबह पहुंच गए थे जहां पर बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी सीट पर नजर नहीं आए यह दृश्य देखकर मुख्यमंत्री शर्मा को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा और उन्होंने समय पर ऑफिस नहीं आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कहीं इसीलिए जयपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में छोटे-बड़े सभी सरकारी दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय पर आए और निर्धारित समय पर ऑफिस को छोड़ें इस बात को गंभीरता से सुनिश्चित करने के लिए एआरडी विभाग को साफ निर्देशित किया है और इस पूरे प्रकरण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री शर्मा ने दिए हैं इसी क्रम में सोमवार को करौली में विभिन्न सरकारी दफ्तरों में एक साथ अधिकारियों और कर्मचारी की वस्तु स्थिति उनके व्यवहार और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया जिसमें कई जगहों पर निर्धारित समय पर अधिकारी और कर्मचारी अपने दफ्तर पहुंचे ही नहीं ।

# विधायक निधि फंड में गड़बड़ी बर्दाशत नहीं की जाएगी, अनीता जाटव को नोटिस भेजा : गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने साफ कहा है कि विधायक निधि फंड में गड़बड़ी करने के मामले बर्दाश्त नहीं किया जा सकते उन्होंने कहा कि सरकार को भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की जांच करवानी चाहिए उन्होंने कहा कि इस मामले में कांग्रेस विधायक अनीता जाटव को प्रदेश कांग्रेस की ओर से नोटिस भेजा गया है और इस नोटिस का जवाब तीन दिन में देने को कहा गया है उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अपने स्तर पर इस पूरे मामले की जांच करेगी और इस मामले की संपूर्ण जानकारी और जांच पार्टी हाई कमान को भी भेजी जाएगी उन्होंने कहा जो एलिगेशन विधायक पर लगे हैं अगर वह सही साबित हुए तो फिर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी डोटासरा ने बातचीत के दौरान प्रदेश की भजन लाल सरकार पर तंज कसा और कहा कि जब बढ़ ही खेत को खाने लग जाए तो फिर खेत की रक्षा कौन करेगा उन्होंने कहा कि सरकार को भी इस मामले में गंभीरता से जांच करवानी चाहिए उल्लेखनीय है कि तीन विधायक कांग्रेस की अनीता जाटव भाजपा के रेवंत राम और बयान विधायक रितु पर विधायक निधि फंड में कमीशन खोरी से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे इन वीडियो को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी काफी गंभीर नजर आए वासुदेव देवनानी ने भी तीनों विधायकों से जुड़े इस मामले को विधानसभा की सदाचार कमेटी को जांच के लिए भेज दिया है देवनानी ने इस पूरे मामले में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला से भी बात की है इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव को जांच के लिए कहा है तथा तीनों विधायकों के विधायक कोष पर अग्रिम आदेश तक पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है यह तीनों विधायक जब तक इस पूरे मामले की जांच नहीं हो जाती तब तक तीनों विधायक अपने इस फंड का उपयोग नहीं कर पाएंगे इस मामला में बयान विधायक निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ी थी और चुनाव जीती थी जबकि खींवसर विधायक रेवंत राम ने विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और चुनाव जीते थे इससे पहले रेवंत राम राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी में शामिल थे लेकिन कांग्रेस से बीजेपी में आई ज्योति मिर्धा ने रेवंत राम को बीजेपी ज्वाइन करवाई और फिर नागौर की खींवसर विधानसभा सीट से हुए उपचुनाव में उन्हें टिकट भी दिलवाया और रेवंत राम चुनाव जीत भी गए लेकिन अब जिस तरह से उन पर विधायक निधि फंड के दुरुपयोग करने और कमीशन लेने के जो एजुकेशन लगे हैं यह अपने आप में गंभीर विषय है इसलिए अगर इन तीनों विधायकों के खिलाफ जो जांच की जा रही है जांच में विधायकों के खिलाफ लगाए गए सभी एलिगेशन सत्य पाए जाते हैं तो फिर निश्चित रूप से इन तीनों विधायकों के पोलिटिकल कैरियर पर भी पूरी तरह से ब्रेक लग सकता है ।

# हाई कोर्ट ने एसएमएस के पूर्व न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल की जमानत मंजूर की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किए गए सवाई मानसिंह अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष मनीष अग्रवाल और एक अन्य की जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया है । उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से सवाई मानसिंह अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल को परिवादी से100000 रुपए की रिश्वत लेने के एलिगेशन में गिरफ्तार किया था इस रिश्वत की रकम को अग्रवाल के एक कर्मचारी ने खाली प्लाट में फेंक दिया था लेकिन एसीबी ने तुरंत खाली प्लाट से रिश्वत की रकम को कब्जे में कर लिया था इस मामले में अग्रवाल और जगत सिंह नाम के कर्मचारियों को भी अरेस्ट किया था ब्रेन सर्जरी में उपयोग में आने वाली तेल की एक कंपनी से खरीद की गई थी कंपनी का करीब 12 लाख 50000 रुपए का बिल था जिसको पास करने के बदले अग्रवाल में रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने ऐसी भी के बदले अग्रवाल में रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई थी एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया था जिसमें शिकायत सही पाई गई थी इसके बाद एसीबी ने आरोपी मनीष अग्रवाल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार करके उन्हें रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था अब राजस्थान हाई कोर्ट ने सोमवार को उनकी जमानत स्वीकार कर ली है एसीबी के गिरफ्त में आने के बाद अग्रवाल के ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दिया गया था जिसमें जयपुर में कई जगह पर प्लांट और भारी मात्रा में नगदी भी बरामद की गई थी अग्रवाल के गिरफ्तार होने के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई थी हालांकि कुछ डॉक्टर अग्रवाल के समर्थन में नजर भी आ रहे थे लेकिन यह एंटी करप्शन ब्यूरो की करवाई थी और एंटी करप्शन ब्यूरो ने पुख्ता तरीके से इस कार्रवाई को अंजाम दिया था इसलिए अग्रवाल की गतिविधि और उनकी इस हरकत को लेकर उनकी छवि पर विपरीत असर भी पड़ा

# हिंडोली वन रेंज में शिकारियों के फंदे में फंसा पैंथर, मौके पर पहुंचे वन अधिकारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जंगलों में शिकारियों की ओर से वन्य जीवों की शिकार करने की घटनाओं से इनकार नहीं कर सकते घने जंगलों में कहीं ना कहीं शिकारी अपने मंसूबों में कामयाब भी हो रहे हैं हालांकि वन विभाग अपनी ओर से तमाम तरह के प्रबंध और प्रयास किए हुएहैं लेकिन फिर भी शिकारी रात के अंधेरे में घने कोहरा और मौसम का फायदा उठाकर जंगल में घुस जाते हैं और फिर अपने तरीकों से वन्य जीवों का शिकार करने में सफल भी हो जाते हैं इसी का ताजा उदाहरण बूंदी जिले के हिंडोली वन रेंज में देखने को मिला है जहां पर शिकारियों ने वन्य जीवों को फंदे में फसाने का प्रयास किया इसके लिए शिकारी ने बहुत ही चतुराई से फंदा स्थापित किया जिसमें एक पैंथर फस भी गया लेकिन शिकारी के इस करतूत का वन विभाग के अधिकारियों को तुरंत पता चल गया जिसकी वजह से वन अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और फंदे में फंसे पैंथर को सुरक्षित बचा लिया और उसे वापस जंगल में भेज दिया लेकिन इस घटना से यह तो बिल्कुल साफ हो गया है कि शिकारी वन्य जीवों का शिकार तो आखिर कर ही रहे हैं जानकार लोगों का कहना है यह तो समय लगता वन विभाग के अधिकारियों को शिकारियों की इस करतूत का पता चल गया अगर वन अधिकारियों को शिकारियों की इस करतूत का पता नहीं चलता तो निश्चित रूप से यह पैंथर शिकारी के कब्जे में होता इसलिए हिंडोली वन रेंज ही नहीं बल्कि प्रदेश के सभी वन रेंज में और घने जंगलों में वन्यजीवों का शिकार करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता हिरण पैंथर जैसे कई वन्य जीव हैं जिन्हें शिकारी अपने तरीकों से अपने जाल में फंसा लेते हैं और फिर इन वन्य जीवों के अंग खाल इत्यादि को बेचकर अच्छा पैसा कमा लेते हैं इस तरह के मामले पहले भी प्रदेश के जंगलों में देखने को मिले हैं जब बड़े-बड़े शिकारी बड़े-बड़े वन्यजीवों के अंगों की तस्करी के मामलेमें गिरफ्तार भी किए गए और इन शिकारियों से समय-समय परभारी मात्रा में वन्य जीवों के अंग खाल इत्यादि बरामद भी किए गए हैं इसलिए प्रदेश के जंगलों में शिकारियों की इस घुसपैठ को रोकने के लिए वन विभाग को और भी गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है ताकि जंगलों में वन्य जीव सुरक्षित रह सके ।

कहानी

## रानी केतकी की कहानी

कहानी के जोबन का उभार और बोल-चाल की दुलहिन का सिंगार किसी देश में किसी राजा के घर एक बेटा था। उसे उसके माँ-बाप और सब घर के लोग कुँवर उदैभान करके पुकारते थे। सचमुच उसके जीवन की जोत में सूरज की एक सोत आ मिली थी। उसका अच्छापन और भला लगना कुछ ऐसा न था जो किसी के लिखने और कहने में आ सके। पंद्रह बरस भरके उसने सोलहवें में पाँव रक्खा था। कुछ यूँही सी उसकी मसें भीगती चली थीं। कसी को कुछ न समझता था। पर किसी बात की सोच का घर-घाट न पाया था और चाह की नदी का पाट उसने देखा न था।

एक दिन हरियाली देखने को अपने घोड़े पर चढ़ के अपने उसी अठखेलपने और अल्हड़पन के साथ देखता-भालता चला जाता था। इतने में एक हिरनी जो उसके सामने आई, तो उसका जी लोटपोट हुआ। उस हिरनी के पीछे सबको छोड़-छाड़ कर घोड़ा फेंका। कोई घोड़ उसको पा सकता था? जब सूरज छिप गया और हिरनी आँखों से ओझल हुई, तब तो यह कुँवर उदैभान भूखा, प्यासा, उनीदा, जंभाइयाँ, अंगड़ाइयाँ लेता, हक्का-बक्का हो के लगा आसरा ढूँढ़ने। इतने में कुछ एक अमराइयाँ देख पड़ीं, उधर चल निकला तो क्या देखता है जो चालीस-पचास रंडियाँ, एक से एक जोबन में अगली, झूला डाले हुए पड़ी झूल रही हैं और सावन गातियाँ हैं। ज्यों ही उन्होंने उसको देखा, 'तू कौन? तू कौन?' की चिंघाड़ सी पड़ गई। उन सभी में से एक के साथ उसकी आँख लड़ गई। दोहा अपनी बोली का– वही झूले वाली लाल जोड़ा पहने हुए, जिसको सब रानी केतकी कहते थे, उसके भी जी में उसकी चाह ने घर किया पर कहने-सुनने को बहुत सी नाह-नूह की और कहा : 'इस लग चलने को भला क्या कहते हैं? हक न धक जो तुम झट से टपक पड़े, यह न जाना जो यहाँ रंडियाँ अपनी झूल रही हैं। अजी तुम जो इस रूप के साथ इस ढब बेधड़क चले आए हो, ठंडी-ठंडी छाँह चले जाओ।' तब कुँवर ने जी मसोस के, मलीला खाके कहा 'इतनी रुखाइयाँ न कीजिए। मैं सारे दिन का थका हुआ एक पेड़ की छाँह में ओस का बचाव करके पड़ रहूँगा। बड़े तड़के धुँधलके में उठकर जिधर को मुँह पड़ेगा चला जाऊँगा। कुछ किसी का लेता-देता नहीं। एक हिरनी के पीछे सब लोगों को छोड़-छाड़ कर घोड़ा फेंका था। जब तलक उजियाला रहा, उसी के ध्यान में था। जब अँधेरा छा गया और जी बहुत घबरा गया, इन अमराइयों का आसरा ढूँढ़कर यहाँ चला आया हूँ। कुछ रोकटोक तो इतनी न थी, जो माथा ठनक जाता और रुका रहता। सिर उठाए हाँफता हुआ चला आया। क्या जानता था जो पदमिनियाँ यहाँ पड़ी झूलती पेंगें चढ़ा रही हैं। पर यों बदी थी। बरसों मैं भी झूला करूँगा। यह बात सुनकर वह जो लाल जोड़े वाली सबकी सिरधरी थी, उसने कहा : 'न जी बोलियाँ ठोलियाँ न मारो। इनको कह दो जहाँ जी चाहे अपने पड़ रहें और जो कुछ खाने को माँगें सो इन्हें पहुँचा दो। घर आए को आज तक किसी ने मार नहीं डाला। इनके मुँह का डौल, गाल तमतमाए और होंठ पड़पड़ाए, और घोड़ का हाँफना, और जी का काँपना घबराहट और थरथराहट और ठंडी साँसें भरना और निढाल होकर गिरे पड़ना इनको सच्चा करता है। बात बनाई हुई और सचौटी की कोई छिपती? पर हमारे इनके बीच कुछ ओट सी कपड़े-लत्ते की कर दो।' इतना आसरा पाके सबसे परे कोने में जो पाँच-सात छोट-छोट पौधो से थे, उनकी छाँव में कुँवर उदैभान ने अपना बिछौना किया और कुछ सिरहाने धर के चाहता था कि सो रहे, पर नींद कोई चाहत की लगावट में आती थी? पड़ा-पड़ा अपने जी से बातें कर रहा था। इतने में क्या होता है जो रात साँय-साँय बोलने लगी और साथ वालियाँ सब सो रहीं, रानी केतकी ने अपनी सहेली मदनबान को जगाकर यों कहा– 'अरी ओ तूने कुछ सुना है? मेरा जी उस पर आ गया और किसी डौल से थम नहीं सकता। तू सब मेरे भेदों को जानती है, अब जो होनी हो, सो हो, सिर रहता रहे, जाता जाए, मैं उसके पास जाती हूँ। तू मेरे साथ चल। पर तेरे पाँव पड़ती हूँ, कोई सुनने न पाए। अरी यह मेरा जोड़ा मेरे और उसके बनाने वाले ने मिला दिया। मैं इसीलिए जैसे इन अमरियों में आई थी।' रानी केतकी मदनबान का हाथ पकड़े हुए वहाँ आ पहुँचती है जहाँ कुँवर उदैभान लेटे हुए कुछ सोच में पड़े-पड़े बड़बड़ा रहे थे। मदनबान आगे बढ़ के कहने लगी– 'तुम्हें अकेला जान के रानी जी आप आई हैं।' कुँवर उदैभान यह सुनकर उठ बैठे और यह कहा– 'क्यों न हो? जी को जी से मिलाप है।'

## भारत में शिक्षा संकटः लाखों लड़कियां कक्षाओं से लापता

संसद में सामने आए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत एक बिगड़ते हुए शिक्षा संकट का सामना कर रहा है, लाखों बच्चे - विशेष रूप से लड़कियां - औपचारिक स्कूली प्रणाली से बाहर हो रहे हैं। आंकड़े दर्शाते हैं कि यह समस्या अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी है, तथा कई वर्षों और राज्यों में फैली हुई है।



डॉ विजय गर्ग

ड्रॉपआउट का खतरनाक पैमाना

वित्तीय वर्ष 2022 और 2036 के बीच (3 दिसंबर, 2019 तक), राज्यों ने प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12 तक औपचारिक शिक्षा प्रणाली के बाहर कुल 84.9 लाख बच्चों की सूचना दी। इन स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों में से लगभग आधे लड़कियां हैं, जो संकट के स्पष्ट लैंगिक आयाम को उजागर करती है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और असम जैसे बड़े और आबादी वाले राज्य इनमें से कई मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, जो यह दर्शाते हैं कि चुनौती सबसे अधिक तीव्र है जहां बच्चों की संख्या सबसे बड़ी है और शैक्षिक पहुंच असमान बनी हुई है।

राज्य-वार पैटर्न

स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों में लड़कियों का हिस्सा विभिन्न राज्यों के बीच काफी भिन्न होता है, जो मुख्यतः समग्र नामांकन स्तर पर निर्भर करता है केरल (33.2'), तेलंगाना (31.1') और लद्दाख (34.3') ने उच्च महिला नामांकन दरों के कारण ड्रॉपआउट में लड़कियों की तुलनात्मक रूप से कम हिस्सेदारी दर्ज की है। इसके विपरीत, महाराष्ट्र (65.7'), हिमाचल प्रदेश (54.8') और मिज़ोरम (53.8'] जैसे राज्यों में स्कूल से बाहर के बच्चों में लड़कियों का बहुमत है।

बच्चे क्यों पढ़ाई छोड़ देते हैं

राज्य अधिकारियों ने इस प्रवृत्ति के पीछे कई प्रमुख कारणों की पहचान कीः काम के लिए परिवारों का प्रवास, लगातार स्कूली शिक्षा में व्यवधान ज़सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयां जो बच्चों को स्कूल से बाहर करने के लिए मजबूर करती हैं घरेलू जिम्मेदारियां, विशेष रूप से बड़ी लड़कियों के लिए ज़
ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बाल श्रम।

ये कारण गहरी जड़ें जमाए चुनौतियों को दर्शाते हैं जो केवल शिक्षा नीति से आगे तक फैली हुई हैं, गरीबी, श्रम पैटर्न और सामाजिक मानदंडों को छूती हैं जो कमजोर बच्चों के लिए निरंतर स्कूली शिक्षा को सीमित करते हैं।

बच्चों को वापस लाने के प्रयास

इस समस्या से निपटने के लिए, राज्यों ने समाग्रा शिक्षा योजना और अन्य पहलों के तहत निधियों का उपयोग करके स्कूल से बाहर बच्चों को पुनः नामांकित किया है। पिछले पांच वर्षों में:

विशेष प्रशिक्षण प्रयासों के माध्यम से 26.46 लाख बच्चों को पुनः नामांकित किया गया। इन कार्यक्रमों में आवासीय और गैर-आवासीय कक्षाएं, मौसमी छात्रावास, और प्रवासी परिवारों के लिए परिवहन सहायता शामिल थी। इन आउटरीच प्रयासों पर 626 करोड़ रुपये खर्च किए गए। 8.6 लाख बच्चों के स्कूल लौटने के साथ 2021 में पुनः नामांकन चरम पर पहुंच गया, बाद में 2035 में तेजी से गिरावट आई और फिर 2047 में 7.67 लाख रिटर्न में सुधार हुआ। लगातार और बढ़ती चुनौती इन कदमों के बावजूद, स्कूल से बाहर बच्चों की कुल संख्या बढ़ती जा रही है, खासकर बड़ी आबादी वाले बड़े राज्यों में। यह निरंतर वृद्धि दर्शाती है कि वर्तमान प्रयास, हालांकि कई लोगों के लिए प्रभावशाली हैं, फिर भी पढ़ाई छोड़ने की लहर को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, विशेष रूप से लड़कियों में।

यह क्यों मायने रखता है

शिक्षा एक मौलिक अधिकार है और सामाजिक एवं आर्थिक अवसर के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। जब लाखों बच्चे और लड़कियों का एक असमान रूप से बड़ा हिस्सा स्कूल से बाहर हो जाता है, तो दीर्घकालिक प्रभावों में शामिल हैं
उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए कम अवसर
लिंगों के बीच बढ़ती असमानता,
गरीबी और सामाजिक बहिष्कार के निरंतर चक्र।

विशेषज्ञ और अधिवक्ता इस बात पर जोर देते हैं कि निरंतर नीतिगत फोकस, लक्षित हस्तक्षेप और सामुदायिक समर्थन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि अधिक लड़कियां न केवल नामांकन करें बल्कि अपने स्कूली वर्षों तक पढ़ाई जारी रखें तथा पूरी शिक्षा प्राप्त करें।

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमलाः वैश्विक आतंकवाद का भयावह चेहरा

*यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है।'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि-' भारत आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है।' इधर,इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि, 'यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी।' बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोड़फोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली गर्मियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85*

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के सिडनी में बोंडी बीच (समुद्र तट) पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में इजरायली नागरिक समेत 16 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 29 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार घायलों में एक बच्चा और दो पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।कितनी बड़ी बात है कि बोंडी बीच में आर्चर पार्क के पास,जो कि भीड़-भाड़ वाली जगह है (ऑस्ट्रेलियन ईस्टर्न डेलाइट टाइम के मुताबिक़ शाम को क़रीब 6 बजकर 47 मिनट पर) दो लोगों की ओर से सार्वजनिक जगह पर गोलीबारी की गई और इलाके को दहला दिया गया। बताया जा रहा है कि आस्ट्रेलिया में हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर यह आतंकी हमला हुआ है, जो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। हालांकि, पुलिस की गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया है तथा दूसरा घायल बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है, लेकिन आस्ट्रेलिया में हुई यह आतंकी घटना साफ संकेत देती है कि आस्ट्रेलिया भी कहीं न कहीं अन्य देशों की भांति आतंकवाद का शिकार है। पाठकों को बताता चलूं कि एक हमलावर की पहचान पाकिस्तानी मूल के 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है तथा दुनियाभर के नेताओं ने इस आतंकी हमले की घोर निंदा की है। स्वयं आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, 'यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है।'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि-' भारत आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है।' इधर,इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि, 'यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी।' बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोड़फोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली गर्मियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85 प्रतिशत यहूदी आबादी इन्हीं शहरों में रहती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अगस्त में ऐसे दो हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था और उसके साथ राजनयिक संबंध भी तोड़ दिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। 1996 में तस्मानिया के पोर्ट आर्थर में हुई भयावह गोलीबारी के बाद, जिसमें 35 लोग मारे गए थे, सरकार ने हथियार कानूनों(गन ला) को बेहद सख्त बना दिया था। इसके बाद से आम लोगों के लिए बंदूक हासिल करना बहुत कठिन हो गया। इस सदी में गोलीबारी की गिनी-चुनी बड़ी घटनाओं में 2014 और 2018 के कुछ हत्या-आत्महत्या के मामले और 2022 में क्वींसलैंड में हुई एक गोलीबारी शामिल हैं। कुल मिलाकर, देश में हिंसा की घटनाएं कम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में यहूदी विरोधी हमलों ने गंभीर चिंता पैदा की है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के दौर में यह साफ दिखाई दे रहा है कि आतंकवादी अब भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जान-माल का नुक़सान कर सकें। गौरतलब है कि विश्व में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित (शिकार) देशों में आज क्रमशः अफगानिस्तान, पाकिस्तान,इराक, सीरिया, नाईजीरिया, सोमालिया, भारत,यमन,माली तथा फिलीस्तीन-इजराइल क्षेत्र शामिल हैं।अफगानिस्तान दशकों से तालिबान, आईएस जैसे संगठनों की हिंसा का केंद्र रहा है। वहीं पर पाकिस्तान आतंकी संगठनों, आत्मघाती हमलों और सीमा-पार आतंकवाद से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है।इराक आईएस (इस्लामिक स्टेट) के उदय के बाद भारी आतंकी हिंसा झेल चुका तथा गृहयुद्ध के साथ आतंकवादी संगठनों की सक्रियता ने सीरिया को तबाह किया है।नाइजीरिया का उत्तर-पूर्वी इलाका जहां बोको हराम जैसे आतंकी संगठन से बुरी तरह से प्रभावित है, वहीं पर हमारा देश भारत सीमा-पार आतंकवाद, कश्मीर और बड़े शहरों में हुए आतंकी हमलों से प्रभावित है।गृहयुद्ध और आतंकी गुटों की मौजूदगी के कारण यमन में भारी संकट है तो माली (सहेल क्षेत्र में सक्रिय आतंकी संगठनों के कारण) हिंसा का शिकार है।फिलिस्तीन/इज़राइल क्षेत्र तो लंबे समय से संघर्ष और आतंकी हमलों का सामना कर ही रहा है और यह बात किसी व्यक्ति विशेष से छिपी हुई नहीं है।सच तो यह है कि आतंक की समस्या आज केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कई देश इसकी चपेट में हैं। हालिया मामला ऑस्ट्रेलिया का है, जहां सिडनी में यहूदी समुदाय पर किया गया हमला पूरे देश को झकझोर देने वाला साबित हुआ है।आतंकियों ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर आयोजित हनुक्का धार्मिक उत्सव के दौरान अचानक गोलीबारी कर दी, निर्दोष लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वास्तव में युवा आतंकियों ने यहां शांति भंग करने व आतंक फैलाने के उद्देश्य से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि आज कई जगहों पर युवा और किशोर आतंकवाद या कट्टर विचारधाराओं की ओर लगातार आकर्षित हो रहे हैं, खासकर ऑनलाइन यूर इंटरनेट के ज़रिये। वास्तव में यह एक गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि ,इससे निपटने के लिए दुनिया भर के सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ, सरकारें व सेनाएं भी लगातार सतर्क हो रही हैं। गौरतलब है कि एक संयुक्त चेतावनी में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और न्यूज़ीलैंड जैसी 'फाइव आइज' सुरक्षा एजेंसियों ने यह बात कही है कि युवा रेडिकलाइज़ेशन (कट्टर विचारों के प्रभावित होने) की संख्या बढ़ रही है। इससे जुड़े मामलों में लगभग 20' प्राथमिक आतंकवाद के मामलों में युवा शामिल हैं।ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने भी यह बात कही है कि बहुत छोटे बच्चे भी ऑनलाइन उग्रवादी सामग्री तक पहुँच रहे हैं, जिनमें से कई 17 वर्ष या उससे कम आयु के हैं। इतना ही नहीं,घरेलू स्पाई एजेंसी एएसआईओ(ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइज़ेशन)का 2025 का विश्लेषण भी दिखाता है कि युवा अधिक 'डिजिटल नेटिव' (ऑनलाइन-पहला) पीढ़ी बन रहे हैं, और यह ऑनलाइन वातावरण उन्हें चरम विचारों की ओर आकर्षित कर सकता है। हाल फिलहाल,पाठकों को यह जानकारी होगी कि इससे पहले दिल्ली में लाल किले के पास हुआ हमला भी भीड़-भाड़ वाले इलाके में ही किया गया था, जिसमें युवा हमलावर शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया कि हमले की साजिश में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ सफेदपोश पेशेवर–जैसे डॉक्टर और इंजीनियर(जिसे व्हाइट कालर टेररिज्म भी कहा जाता है) भी शामिल थे। वास्तव में, आतंकवाद का यह बदला हुआ और खतरनाक चेहरा आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। भारत लंबे समय से आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए हुए है। हालांकि, सीमापार आतंकवाद, जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में जानकारी दे चुका हूं कि, हमारे देश के लिए बड़ी समस्या रहा है, लेकिन अब आतंक का स्वरूप और भी जटिल हो गया है। यह कब, कहां और किसे निशाना बना ले, इसका अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है। कई बार तो खुफिया एजेंसियां भी ऐसी वारदातों को समय रहते रोकने में नाकाम साबित होती हैं। अक्सर मीडिया के हवाले से खबरें आतीं रहतीं हैं कि अब आतंकी हमलों में सुसाइड बॉम्बर, लॉजिस्टिक सपोर्ट, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसी भूमिकाओं का संगठित तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ ऑनलाइन एप और डिजिटल माध्यम भी आतंकियों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। दिल्ली धमाके की जांच ने आतंक के इसी नए पैटर्न को उजागर किया है, जिसमें उच्च-शिक्षित पेशेवरों की संलिप्तता सामने आई है।इसी कारण सुरक्षाबलों के सामने अब 'व्हाइट-कॉलर टेरर इकोसिस्टम' को तोड़ना सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की भूमिका काफी अहम और महत्वपूर्ण है। वास्तव में आम आदमी को आज सतर्क रहना होगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को देनी होगी।अक्सर देखा गया है कि आतंकी समाज के बीच ही छिपकर रहते हैं। इसलिए आम आदमी को चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नज़र रखनी होगी,सतर्क और जागरूक रहना होगा।सच तो यह है कि आतंकवाद के निरंतर बदलते स्वरूप से निपटने के लिए नए और प्रभावी तरीकों को समय रहते अपनाना होगा। इसके मूल कारणों को समझकर उन्हें खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। आतंकवादियों और आतंकवाद से निपटने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, वैचारिक जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी हैं। जब तक आतंकवाद के मूल कारणों-जैसे कि गरीबी, कट्टरपंथ, भेदभाव और गलत प्रचार आदि पर प्रभावी ढंग से प्रहार नहीं किया जाएगा, तब तक इसका स्थायी समाधान संभव नहीं है। निष्कर्षतः, आतंकवाद एक लड़ाई एक देश या सरकार की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की सामूहिक जिम्मेदारी है।



सुनील कुमार महला

# विश्व कप नहीं, राष्ट्र का उत्सवः भारतीय स्क्वैश का स्वर्णाभिषेक

14 दिसंबर 2025 की उस उत्साह से भरी चेन्नई की जीवंत शाम, जब एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल का शीशे से घिरा स्क्वैश कोर्ट तिरंगे की गूंज से थर्रा उठा। भारत ने खेल इतिहास में एक ऐसा अध्याय रच दिया जो केवल रिकॉर्ड पुस्तकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पीढ़ियों की स्मृतियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। यह क्षण मात्र विश्व कप जीतने का नहीं, बल्कि उस सपने की पूर्णता था जिसे भारतीय स्क्वैश वर्षों से संजोए हुए था। टॉप सीड हांगकांग चीन को फाइनल में एकतरफा 3-0 से परास्त कर भारत न सिर्फ विश्व चैंपियन बना, बल्कि इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अधिकार जमाने वाला एशिया का पहला देश भी। यह जीत साहस, रणनीति, धैर्य और अदम्य इच्छाशक्ति की सामूहिक विजयगाथा थी।

यह खिताब इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। ग्रुप स्टेज में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 से रौंदना हो, क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से बाहर करना हो, सेमीफाइनल में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन मिस्र को बिना एक भी मैच गंवाए हराना हो, या फाइनल में हांगकांग जैसी मजबूत टीम को पूरी तरह निष्प्रभावी करना–हर चरण में भारत ने अपनी सर्वोच्चता स्थापित की। एक भी टाई गंवाए बिना यह अभियान भारत को ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद विश्व कप जीतने वाला केवल चौथा देश बनाता है, और एशिया में उसे निर्विवाद अग्रदूत के रूप में स्थापित करता है।



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी (मप्र)

फाइनल की शुरुआत भारत की अनुभवी योद्धा, 39 वर्षीय जोशना चिनप्पा से हुई। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर होने के बावजूद उन्होंने 37वीं रैंकिंग वाली का यी ली को 7-3, 2-7, 7-5, 7-1 से पराजित कर अनुभव की शक्ति का सशक्त प्रमाण दिया। तीसरे गेम में निर्णायक क्षणों में धैर्य और रणनीति से बाजी पलटना और चौथे गेम में प्रतिद्वंद्वी को महज एक अंक पर रोक देना–यह प्रदर्शन केवल तकनीकी श्रेष्ठता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की जीत था। चेन्नई की अपनी बेटी जोशना घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन से प्रेरित दिखीं और उन्होंने इसे अपने करियर की शीर्ष पाँच प्रस्तुतियों में शामिल बताया। यह जीत उस खिलाड़ी की कथा थी जिसने उम्र को कभी अपनी सीमा नहीं बनने दिया।

इसके बाद जब अभय सिंह कोर्ट पर उतरे, तो मुकाबले की गति ही बदल गई। युवा जोश और निर्भीक आक्रमण उनके हर शॉट में झलक रहा था। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज अभय ने हांगकांग के एलेक्स लाउ को महज 19 मिनट में 7-1, 7-4, 7-4 से सीधे गेमों में परास्त कर भारत को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। उनकी जबरदस्त फिटनेस, बिजली-सी फुर्ती और निशाने पर लगते शॉट्स ने प्रतिद्वंद्वी को पलटवार का अवसर तक नहीं दिया। चेन्नई के इस स्थानीय नायक ने जीत को 'अविश्वसनीय' बताते हुए कहा कि दर्शकों का अपार स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना।

निर्णायक मुकाबले में 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने उतरते ही यह जता दिया कि भारतीय स्क्वैश का भविष्य कितना उज्ज्वल है। विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज इस युवा सनसनी ने एशियन चैंपियन टोमाटो हो (रैंक 31) को 7-2, 7-2, 7-5 से पराजित कर खिताब पर अंतिम मुहर लगा दी। पहले दो गेमों में उनका दबदबा और तीसरे गेम में दबाव के क्षणों में दिखाया गया संयम असाधारण था। महज 16 मिनट में दर्ज इस जीत ने स्पष्ट कर दिया कि वह केवल एक प्रतिभा नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की नेतृत्वकर्ता है। टीम के चौथे सदस्य वेलवन सेंथिलकुमार को कोर्ट पर उतरने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी–इतनी निर्णायक थी भारतीय टीम की बढ़त। यह विजय अनेक अर्थों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वर्ष 2023 में इसी वेन्यू पर भारत ने जहां कांस्य पदक हासिल किया था, वहीं महज दो वर्षों के भीतर उसी मंच पर स्वर्ण तक पहुंचना भारतीय स्क्वैश के तेज़ और ठोस विकास का सशक्त प्रमाण है। कोच हरिंदर पाल संधु ने इसे 'उच्च दबाव में परफेक्ट प्रदर्शन' करार दिया–ऐसा प्रदर्शन जिसमें रणनीति की स्पष्टता, अनुशासन की गहराई और आत्मविश्वास की चमक एक साथ दिखाई दी। यह जीत भारतीय खेल तंत्र की उस परिपक्वता को रेखांकित करती है, जहां लक्ष्य अब केवल प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि निरंतर वर्चस्व स्थापित करना बन चुका है।

सबसे महत्वपूर्ण यह कि स्क्वैश 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदार्पण करने जा रहा है। विश्व चैंपियन के रूप में भारत अब केवल प्रतिभागी नहीं, बल्कि ओलंपिक पदक का प्रबल दावेदार होगा। यह ट्रॉफी खेल की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, संसाधनों और फंडिंग के नए द्वार खोलेगी और देशभर से युवा प्रतिभाओं को आगे आने की प्रेरणा देगी। सौरव घोसल से जोशना चिनप्पा तक, और अब अनाहत सिंह व अभय सिंह की नई पीढ़ी तक–भारतीय स्क्वैश की यह यात्रा संघर्ष, निरंतरता और प्रेरणा की जीवंत मिसाल है।

चेन्नई की उस शाम ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्क्वैश, जिसे कभी सीमित दायरों का खेल माना जाता था, आज भारतीय खेल संस्कृति का सशक्त और अभिन्न अंग बन चुका है। अनुभव और युवा जोश का यह अद्भुत संगम अब केवल एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे विश्व को चुनौती देने की क्षमता रखता है। यह विश्व कप किसी अध्याय का अंत नहीं, बल्कि एक भव्य शुरुआत है–ओलंपिक की ओर बढ़ते भारत के कदम अब और तेज़, और कहीं अधिक दृढ़ हो चुके हैं। भारत का यह स्क्वैश क्राउन केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस स्वर्णिम युग की घोषणा है, जिसमें भारत स्क्वैश के नए सिकंदर के रूप में उभर कर सामने आया है।

# प्रदेश को मिली नई पहचान
# प्रगति के पथ पर राजस्थान

## महिलाओं को शक्ति, बालिकाओं को प्रोत्साहन

- रसोई गैस सब्सिडी योजना में गरीब परिवार की महिलाओं को घरेलू गैस सिलेण्डर 450 रुपए में उपलब्ध, 867 करोड़ रुपए की सब्सिडी
- कृषि अध्ययन हेतु 58,397 छात्राओं को 103 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि
- लाडो प्रोत्साहन योजना में 1.50 लाख रुपए सेवा बॉण्ड से 4.60 लाख बालिकाओं को मिला लाभ
- 12 लाख महिलाएं बनी लखपति दीदी, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 216 करोड़ रुपए के ऋण
- प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 9.92 लाख गर्भवती महिलाओं को 531 करोड़ रुपए की सहायता
- 1.22 करोड़ महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रतिमाह 12 नि:शुल्क सैनेटरी नैपकिन
- 65 एन्टी रोमियो स्क्वॉड का गठन, 500 स्कूटियों से निगरानी
- तीन महिला बटालियनों के लिए 2,216 पद, 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन
- 1.37 लाख स्वयं सहायता समूहों को 669 करोड़ रुपए आजीविका संवर्धन राशि, 2.21 लाख स्वयं सहायता समूहों को 5,271 करोड़ रुपए का ऋण
- महिला अपराधों में 12 प्रतिशत की कमी






श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## युवा उम्मीदों को लगे पंख

- 92,000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां, 1.53 लाख पदों पर नई भर्तियां
- एसआईटी गठन से डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री व भर्ती परीक्षा सम्बन्धी अन्य अनियमितताओं पर रोक
- 65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित, 658 स्टार्टअप्स को 22.48 करोड़ रुपए की सहायता
- मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में 4.13 लाख लाभार्थियों को 1,155 करोड़ रुपए का वितरण, 1.91 लाख युवाओं को इंटर्नशिप
- मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 213 करोड़ रुपए से 31,127 विद्यार्थी लाभान्वित
- 3.37 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, 410 रोजगार सहायता शिविरों में 1.11 लाख युवा लाभान्वित
- 1,754 खिलाडियों को 39.57 करोड़ रुपए की सहायता

## अन्त्योदय का संकल्प

- खाद्य सुरक्षा योजना में 70 लाख नए नाम जोड़े
- घुमंतू, अर्ध घुमंतू एवं विमुक्त परिवारों को 22,323 पट्टे आवंटित
- सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न योजनाओं में 91.61 लाख लाभार्थियों को 25,851 करोड़ रुपए की पेंशन
- 7.22 लाख श्रमिकों को 806 करोड़ रुपए हस्तांतरित
- 17.41 लाख श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत
- 1,443 नए कारखाने पंजीकृत
- श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 26 रुपए प्रतिदिन बढ़ाई
- पीएम स्वनिधि योजना में 87 हजार फेरी एवं ठेले वालों को सहायता
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 1.36 लाख एवं शहरी में 68,738 आवास कार्य पूर्ण
- विशेष योग्यजनों को 15 हजार कृत्रिम उपकरण एवं 3,030 स्कूटियों का वितरण

## ऊर्जा क्रांति की ओर बढ़ता राजस्थान

- ऊर्जा उत्पादन को 28 प्रतिशत (6,839 मेगावाट) बढ़ाया
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली सेवाएँ सुदृढ़
- 33 केवी के 333 सब-स्टेशन स्थापित
- 9.19 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन जारी
- 22 जिलों के 2-2 ब्लॉक में किसानों को दिन में बिजली
- ग्रीन एनर्जी ढांचा मजबूत करने हेतु 132 केवी एवं उच्च क्षमता के 45 GSS स्थापित
- राजस्थान सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर
- पीएम सूर्य घर योजना में 1.05 लाख रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित
- 20,000 करोड़ रुपए की लागत से 2,450 मेगावाट के सोलर पार्क विकसित
- 41 गीगावाट क्षमता वाली अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ
- पीएम-कुसुम योजना में 2,272 मेगावाट क्षमता के 1,019 प्रोजेक्ट स्थापित

## सशक्त खेती, समृद्ध किसान

- किसान सम्मान निधि में 76.18 लाख किसानों को 10,432 करोड़ रुपए की सहायता, सहायता राशि 6,000 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए प्रतिवर्ष
- 44,355 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 84,604 परिवारों को 634 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण
- बिजली बिलों पर 44,558 करोड़ रुपए का अनुदान
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 6,207 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम जारी
- 2.66 लाख किसानों से 33.42 लाख टन गेहूँ की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद, 471.16 करोड़ रुपए बोनस
- 5 लाख किसानों से 12.60 लाख मी. टन दलहन एवं तिलहन की समर्थन मूल्य खरीद पर 8,191 करोड़ रुपए का भुगतान
- 1.86 लाख नए कृषि विद्युत कनेक्शन, प्रतिदिन 260 नए कनेक्शन हो रहे
- पीएम कुसुम बी में 53,571 सोलर पम्प पर 822 करोड़ रुपए की सहायता

## शिक्षा में नई उड़ान

- स्कूटी योजना में छात्राओं को 39,664 स्कूटियां वितरित
- 21 नए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज
- 629 पीएमश्री बाल वाटिकाएं, 500 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, 142 पीएमश्री विद्यालयों में ओ - लैब
- 4,010 विद्यालयों में 8,020 स्मार्ट क्लास
- विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म व बैग हेतु 800 रुपए DBT, 41.25 लाख बच्चों को 330.06 करोड़ रुपए
- छात्राओं को 10.51 लाख साइकिलें, मेधावी विद्यार्थियों को 88,724 टैबलेट
- विभिन्न योजनाओं में 4.14 लाख छात्राओं को 181 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

## प्रदेश में बढ़ा निवेश

- ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू
- 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश के कार्य प्रारम्भ
- खनन से रिकॉर्ड राजस्व 17,633 करोड़ रुपए
- हर 7 दिन में नया औद्योगिक क्षेत्र एवं हर दिन 7 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन
- एमएसएमई, हस्तशिल्प और स्टार्टअप में 7,186 को 1,946.84 करोड़ रुपए वितरित
- राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी 2024
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 21.73 लाख पंजीकरण, 2.14 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षण, 50,111 को ऋण
- 26 नवीन नीतियां जारी, 37 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले
- पहली बार राजस्थानी प्रवासी दिवस का आयोजन
- मैंगनीज़, चूना पत्थर ग्रेफाइट, सीसा, जस्ता, तांबा, टंगस्टन, आर.ई.ई., क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल की नीलामी

## आंकड़े सच बोलते हैं

5 साल 2018-2023 बनाम 2 साल 2024 - नवम्बर, 2025

| | नहरी तंत्र से सृजित सिंचाई सुविधा | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हैक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | कुसुम A के तहत एलओए (मेगावाट) | कुसुम C के तहत एलओए (मेगावाट) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 52,182 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 595 | 114 |
| अब | 84,592 | 35,368 | 41,000 | 16,430 | 1,698 | 98,894 | 6,839 | 5,318 | 5,287 |

| | स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण | छात्राओं को स्कूटी वितरित | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना | राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण | स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख) | नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन | सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना | कौशल प्रशिक्षण (लाख) | गौशालाओं को सहायता राशि (करोड़ रुपए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 2.35 | 3,117 |
| अब | 88,724 | 39,664 | 21 | 178 | 10.51 | 2,281 | 14 | 3.37 | 3,433 |

## सीएम भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर राज्यमंत्री विजय सिंह ने की राधा कृष्ण गौशाला में गौमाता की सेवा



जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** शहर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री राधा कृष्ण गौशाला में गौमाता की सेवा कर पुण्य कार्य किया। इस दौरान गौमाता को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की गई और ईश्वर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वस्थ, दीर्घायु व यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। गौसेवा के इस आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, संस्कार और करुणा का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश योगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश कुमावत, मंडल महामंत्री अशोक पारीक अटल, उपाध्यक्ष अशोक टेलर, देवीलाल पचेरीवाल, राधेश्याम माली, मंडल मंत्री गोरधन सिंघाटिया, गणेश परेवा, बूथ अध्यक्ष राजू टेलर, पार्षद कुलदीप मिश्रा, दिनेश जांदू, विशाल कुमावत, गोपाल सोनी, जिला मंत्री पूजा कुमावत, नवीन छाबड़ा, प्रतीक माधना, लादूराम घोड़ेला, भवानी शंकर घोड़ेला, मोतीराम कुमावत, मूलचंद टेलर, हरि जांगिड़, मोहन जांगिड़ सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक में यात्रियों की समस्याओं पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक स्टेशन अधीक्षक राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में स्टेशन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान पर जोर दिया गया।नबैठक में प्लेटफार्म संख्या एक पर एफओबी के पास प्रकाश व्यवस्था व सफाई सुधारने, सर्कुलेटिंग एरिया में शौचालय की व्यवस्था करने, रेलवे सुरक्षा बल के सामान रखने के लिए कक्ष उपलब्ध कराने और यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने की मांग रखी गई। साथ ही प्लेटफार्म संख्या चार व पांच पर स्थित कंडम वाटर कूलर कक्ष के भवन को हटाने और प्लेटफार्म मार्ग को समतल कर साफ-सफाई कराने पर भी चर्चा हुई। स्टेशन अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराते हुए यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। बैठक में एसएसई (वर्क्स) बृजेश कुमार, एसएसई (ई) राजेंद्र यादव, सीएचआई, आरपीएफ से महेंद्र पाल, स्टेशन सलाहकार समिति से सदस्य राजकुमार देवाल, दामोदर प्रसाद कुमावत, भूपेंद्र गुप्ता व अब्दुल लतीफ कुरैशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बीच बाजार अतिक्रमण करने वाले थड़ी ठेलों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई




जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** पुलिस ने बीच बाजार अवैध रूप से वाहन खड़े करने व थडी ठेलो से आवागमन बाधित करने वालों के चालान काटे। कुचामन शहर के मुख्य पुराने बस स्टैंड पर ठेले वालों व वाहनों ने पूरा अतिक्रमण कर रखा था। ज्ञात हो यह मुख्य पुराना बस स्टैंड है। इस पर दिन भर सरकारी व प्राइवेट बसों का आना जाना लगा रहता है। पुलिस प्रशासन को कई दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि ठेले वाले पूरे बस स्टैंड पर कब्जा करके रखा है जिससे वहां सरकारी व प्राइवेट बसों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी। ठेले आगे पीछे के करने के चक्कर में ठेले वाले आमजन से झगड़ा भी करते थे। देर शाम पुलिस प्रशासन के जवान पहुंचे और ठेलो वालों पर सख्त कार्रवाई की। वाहन चालकों ने नो पार्किंग में अपनी गाड़ियां खड़ी कर रखी थे, उनका चालान काटा और नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों को सख्त हिदायत दी।

## पावटा उप जिला अस्पताल में आरोग्य शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निर्देशानुसार पावटा उप जिला अस्पताल में आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार बंसल ने किया। आरोग्य शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक चला। इस दौरान कुल 998 मरीजों ने पंजीयन कराया, जिनमें 549 पुरुष व 449 महिलाएं शामिल



रहीं। शिविर में डायबिटीज के 54, हाइपरटेंशन के 48, सामान्य चिकित्सा के 216, पीडियाट्रिक के 306 तथा टीबी स्क्रीनिंग के 42 मरीजों की जांच की गई। वहीं 19 बच्चों का टीकाकरण किया गया। आरोग्य शिविर में डॉ. एस.के. वर्मा फिजिशियन,डॉ. खुशबू अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र यादव, डॉ. अशोक जाट सहित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर को सफल बनाने में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी महेंद्र यादव, साधुराम यादव, कुलदीप मीणा, अनीता यादव, धर्मेंद्र जाट सहित अस्पताल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# पालड़ी पहुंची जनकल्याणकारी योजनाओं की रथयात्रा

### विधायक कुलदीप धनखड़ के नेतृत्व में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई रथयात्रा (मोबाइल वेन) सोमवार को पालड़ी ग्राम पंचायत पहुंची। ग्राम में प्रवेश करते ही अटल सेवा केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक कुलदीप धनखड़ के नेतृत्व में




पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया।रथयात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों व जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्रभारी गिरिराज शर्मा की ओर से आमजन को दी गई। इस अवसर पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ का पालड़ी सरपंच प्रशासक किशोर प्रजापत ने माला पहनाकर स्वागत किया।विधायक कुलदीप धनखड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस रथयात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिनकी जानकारी आमजन तक पहुंचाना जरूरी है। रथयात्रा ने ग्राम के प्रमुख मार्गों व चौराहों का भ्रमण कर आमजन को योजनाओं की जानकारी प्रदान की, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार मेनका चौधरी, बिजली विभाग के जेईएन अजय चौधरी, ब्लॉक विकास अधिकारी राजकुमार बड़जात्या,जिला प्रतिनिधि राधेश्याम गुप्ता, जिला मंत्री मीरा मीणा, संतोष मोदी, लीलाराम सैनी, संदीप मित्तल, विक्रम यादव, रोहिताश मान, गौरीशंकर यादव, ओमप्रकाश यादव, पूरण पारीक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर रक्तदान शिविर में चेयरमैन ही नदारद

जयपुर टाइम्स




**नावां(निस)।** शहर में राजस्थान की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को उप जिला चिकित्सालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राजवीर सिंह चौधरी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के पश्चात कुचामन स्थित श्याम ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग में लिया जाएगा। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। भाजपा सरकार के उपलब्धियों को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के कई प्रतिनिधि मौजूद रहे, वहीं शहर का प्रथम नागरिक कहे जाने वाले नगर पालिका अध्यक्ष का कार्यक्रम में अनुपस्थित रहना चर्चा का विषय बना रहा। भाजपा सरकार के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष की गैर मौजूदगी को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। शिविर के शुभारंभ अवसर पर पार्षद महेश बोहरा, कुलदीप मिश्रा, मंगल शर्मा, गोपाल रुथला, सर्वेश्वर शर्मा, मुरली शर्मा, महेन्द्र पारीक पूर्व पार्षद कमल दुबलदिया, मूलसिंह राजावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा चिकित्सक श्रवण नायक, नर्सिंग ऑफिसर मनीष गौड़, सिकंदर खान, शिवपाल, कर्मचारी महेंद्र सोनी सहित अस्पताल स्टाफ व समाजसेवी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। रक्तदान शिविर जैसे आयोजन न केवल जरूरतमंदों की मदद करते हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। आयोजन को सफल बनाने में चिकित्सालय प्रशासन, ब्लड बैंक टीम और रक्तदाताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## कुचामन जिला अस्पताल में आरोग्य शिविर, राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने की शिरकत

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** राज्य सारकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को आरोग्य शिविर का आयोजन राजकीय जिला चिकित्सालय कुचामन सिटी में किया गया। इस शिविर में गुख्य अतिथि के रूप में विजय सिंह चौधरी, राज्य गंत्री, राजरव उपनिवेशन व सैनिक कल्याण विभाग राजस्थान सरकार की ओर से के विजिट की गई। मंत्री विजय सिंह चौधरी ने डॉ शकील अहमद राव पीएमओ जिला चिकित्सालय कुचामन व नोडल प्रभारी डॉ प्रहलाद राग रे चिकित्सा विभाग की योजनाओं व संचालित कार्यकरमों की जानकारी ली और गहनता रो निरीक्षण किया। शिविर में विशेष अतिथि सुरेश सिखवाल सभापति नगरपरिषद कुचामन व वाबूलाल कुमावत भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस शिविर में ओपीडी के अंतर्गत विभिन्न विभागों मेडिरिन, गायनी, ऑपथेलमों, ईएनटी व अन्यविभाग के विषय विशेषज्ञों ने सेवा दी। एनसीडी स्कीनिंग के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्त्तियों की बीपी, शुगर व कॉमन कैंसर की जॉच की गई व एनसीडी पोर्टल पर डाटा इन्द्राज किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों की पहचान करते हुए उनकी आवश्यक जॉच की गई व टीवी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत शेष रहे लाभार्थी को सहायता राशि उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज लिये गंये। गर्भव्ती महिलाओं की जॉचे, आईएफए गोली, कैल्शियम गोली देते हुए हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर व वजन आदि की जॉच सुनिश्चित की गयी और सभी गर्भवती महिलाओं का टीडी टीकारण व शिशु टीकाकरण की प्रविष्ठि पीसीटीएस व युविन सॉफटवेयर के माध्यय से इन्द्राज की गई। शिविर



में आने वाले सभी रोगियों की मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के अंतर्गत निःशुल्क जॉचे उपचार किए गए और निःशुल्क आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। इस शिविर में 1105 रोगी लाभान्वित हुए जिसके अंतर्गत बीपी के 147, शुगर के 134 मौसमी बीमारियों के 307, प्रसूति विभाग के 40 रोगी व शिशु रोग के 45 एवं नेत्र से संबंधी 39 रोगियों को लाभान्वित किया गया और जॉच के अंतर्गत ब्लड टेस्ट 156 व एक्स-रे 115 व 3 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। 20 जनों की आभाआईडी बनाई गई। इस शिविर में खेताराम वार्ड पार्षद, नरसीराम कुमावत वार्ड पार्षद भागीरथ कुमावत वार्ड पार्षद, विकम राजोरिया, श्रवण सोनी मंडल महामंत्री, जसराज खुरीवाला, अनिल काला, रूपसिंह राजपुरोहित, मनोहर चावला, मुकेश कुमावत उपस्थित रहे।

## लोधा समाज जागरूकता अभियान' के तहत बैठक में विभिन्न मुद्दों पर मंथन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/बाडी(निस)।** जिला लोध लोधी क्षत्रिय महासभा धौलपुर की लोधा समाज जागरूकता अभियान' के तहत बैठक अलीगढ़ बाड़ी धौलपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र लोधा पूर्व सरपंच बीलपुर ने की। बैठक के मुख्य अतिथि व वक्ता बांकेलाल लोधा राष्ट्रीय महामंत्री रहे, विशिष्ट अतिथि वसंत लोधा प्रदेश संगठन मंत्री रहे। कार्यक्रम में मुख्य बिंदु समाज में फैली हुई कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज को पूर्ण रूप से बंद होना चाहिए शादियों में होने वाले फालतू खर्चों पर विचार करना जैसे बैंड बाजे, डीजे आदि पर प्रतिबंध होना चाहिए और रात्रि में होने वाली खर्चीली शादी दिन में करना चाहिए और शादियों में वधू के लिए अत्यधिक कपड़े व गहने ले जाने की प्रथा पर भी विचार व्यक्त किए गए। अलीगढ़, लधपुरा, उमरी और आदिमपुर गांव वासियों ने स्वीकार किया कि हम सभी संकल्प लेते हैं कि धीरे-धीरे से अपने-अपने ग्रामों को नशा मुक्त करेंगे जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो सके शादियों में होने वाले फिजुल खर्चों को रोककर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर भी विचार करेंगे। समाज के मुख्य वक्ता बांकेलाल लोधा ने समाज से अपील की है कि अपने बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें कि एक समय का दूध बेचें, एक समय का दूध अपने बच्चों को पिलाए और साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष भीखाराम पटेल, महामंत्री नेत्रपाल लोधा ने भी अपने-अपने विचार रखें। बैठक का संचालन बसंत लोधा जी ने किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम ने लोगों का धन्यवाद प्रकट किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार, ओमप्रकाश ब्लॉक अध्यक्ष जाटोली, मुन्ना लाल जिलामंत्री, लखन लाल, जगदीश प्रसाद, शिवराम, भोगीराम, घूरे लाल, पूरन सिंह दूधिया, रामलाल, राजकुमार, वीर सिंह, राजेश, रामबाबू, धर्म सिंह, अनार सिंह, जीतू, दौलत राम, रामबाहादुर, सुन्दर सिंह, भगत, नत्थी लाल, प्रताप सिंह, उत्तम सिंह, होतम सिंह आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा ऑडिट कमेटी ने स्टेट हाईवे 90 का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**नावांसिटी(निस)।** उपखण्ड मुख्यालय नावा में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने व यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सड़क सुरक्षा ऑडिट किया गया। कुचामन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा के नेतृत्व में गठित संयुक्त समिति ने छोटी खाटू से भाटीपुरा जिला सीमा तक प्रमुख सड़क मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जितेंद्र जांगिड, प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रवीण सोनी, परिवहन विभाग के अधिकारी गणपत सिंह तथा मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर मनोज शर्मा मौजूद रहे। समिति की ओर से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से चिन्हित मुख्य एक्सीडेंट प्रोन क्षेत्रों का गहन ऑडिट किया गया। इसमें विशेष रूप से कुचामन बाईपास स्थित मकराना रोड चौराहा, बुडसु तिराहा, कुचामन एंट्री पॉइंट, नारायणपुरा तिराहा, नावा सांभर चौराया राजा सहित अन्य दुर्घटना संभावित स्थानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने इन स्थलों पर दुर्घटनाओं के कारणों का अध्ययन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यों के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा ऑडिट के दौरान समिति ने यातायात को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें सड़क पर रंबल स्ट्रिप लगाने, थर्मोप्लास्टिक रोड मार्किंग करने, बाईपास क्षेत्र में अनावश्यक एवं दृश्य अवरोधक बोर्ड हटाने, कैट आई लगाने तथा डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिव बोर्ड लगाने के निर्देश शामिल हैं। इसके साथ ही प्रमुख चौराहों पर सड़क चौड़ाईकरण करने तथा एप्रोच रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने के भी निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के ऑडिट भविष्य में भी निरंतर किए जाएंगे, जिससे नावा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## छह माह से पानी को तरस रहे बाजना के मीणो की ढाणी के ग्रामीण

### अवैध मोटरों से ठप हुई जलापूर्ति

जयपुर टाइम्स



**नावांसिटी(निस)।** शहर के नजदीक स्थित ग्राम पंचायत बरजन के ग्राम बाजना की मीणो की ढाणी में पिछले छह महीनों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर जल कनेक्शन तो कर दिए गए हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आने से ये कनेक्शन नाम मात्र के साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मीणो की ढाणी में पेयजल आपूर्ति पुनिया की ढाणी से आने वाली पाइप लाइन के माध्यम से की जाती है। लेकिन पुनिया की ढाणी में कुछ लोगों की ओर से अवैध रूप से विद्युत मोटरें लगाकर सारा पानी खींच लिया जाता है, जिसके कारण मीणो की ढाणी तक पानी बिल्कुल भी नहीं पहुंच पा रहा है। परिणामस्वरूप ढाणी के सभी निवासी लंबे समय से पेयजल की भारी समस्या से जूझ रहे हैं। पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों को मजबूरी में टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिसके लिए उन्हें प्रति टैंकर लगभग 500 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। इससे ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है और रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी (एसडीएम) दिव्या सोनी को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने अवैध मोटरों पर रोक लगाकर समुचित व नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नौकरी के नाम पर भाई-बहन को बुलाकर युवती से छेड़छाड़

**धौलपुर(निस)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक की ओर से युवती के साथ छेड़छाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने पास के गांव के रहने वाले भाई-बहन को नौकरी दिलाने के बहाने अपने घर बुलाया था। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी ने युवती के भाई को कागजात लाने के बहाने घर से बाहर भेज दिया। इसी दौरान आरोपी ने घर में अकेली मौजूद युवती के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। युवती के विरोध करने और चिल्लाने पर कॉलोनी के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस की ओर से आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की ओर से लिखित शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी युवक पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में पकड़ा जा चुका है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## नियम उल्लंघन पर स्कूल बसों पर सख्ती, 13 बाल वाहिनियों के चालान, 3 वाहन जब्त

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर के तत्वावधान में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ के निर्देशानुसार बाल वाहिनियों के विरुद्ध निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सोमवारको विराटनगर थाना क्षेत्र में संचालित विद्यालयों में उपयोग में ली जा रही बाल वाहिनियों का निरीक्षण किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति विराटनगर के अध्यक्ष कुमार मोहन, सीबीईओ रामेश्वर जाट, आरटीओ इंस्पेक्टर भारतेंदु व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 30 बाल



वाहिनियों की जांच की गई।जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 13 बाल वाहिनियों के चालान बनाए गए। एक वाहन को फिटनेस नहीं होने, एक वाहन को भौतिक स्थिति खराब होने के कारण जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त बिना कैमरा व परमिट शर्तों के उल्लंघन पर 10 वाहनों को जब्त किया गया, जबकि दो अन्य बाल वाहिनियां व एक स्कूल वैन भी कार्रवाई की जद में आई।अधिकारियों ने विद्यालय संस्था प्रधानों को निर्देश दिए कि निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बाल वाहिनियों में न बैठाया जाए और प्रत्येक वाहन में चालक के अतिरिक्त एक सहायक अटेंडेंट अनिवार्य रूप से रखा जाए, जिससे बच्चों की सुरक्षा व देखरेख सुनिश्चित की जा सके। अभियान के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त संदेश दिया है।

**नाम परिवर्तन**

मैनें मेरा नाम राम रतन (RAM RATAN) से बदलकर राम (RAM) एवं सरनेम रतन (RATAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे राम (RAM) एवं सरनेम रतन (RATAN) पुत्र भवंर लाल (Bhanwar Lal) के नाम से जाना पहचाना जावे। राम रतन पुत्र भवंर लाल निवासी ग्राम बम्बू तहसील बीदासर (चूरू) राजस्थान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर गौ सेवा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन सोमवार को तारानगर की माँ जालपा गौशाला में गौसेवा कर मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, महावीर पूनियाँ सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया व मुख्यमंत्री शर्मा की लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भाजपा नेता जांगिड ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। यह गर्व की बात है कि इन्हीं उपलब्धियों के साथ मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है। बीते दो वर्षों में राजस्थान विकास और प्रगति की राह पर तेजी से अग्रसर हुआ है और निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रदेश को ऐसा ही सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व सदैव मिलता रहे, इसके लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार, विकास अधिकारी अशोक कुमार, सीबीईओ बबलेश शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. रामदास स्वामी, मो. तैयब, रणजीत सिंह तंवर, विशाल शर्मा, संजय स्वामी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के जन्मोत्सव पर सचिवालय में विशाल महारक्तदान, 247 यूनिट रक्त एकत्र

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को राजस्थान सचिवालय परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सचिवालय अधिकारी संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कजोड़मल मीणा तथा सचिवालय के विभिन्न फोरम अध्यक्षों के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 247 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों एवं समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, घुमन्तु कार्य महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा, राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्री निवासन, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा तथा कलेक्ट्री कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने किया। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संबोधन में कहा कि 'रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता क्योंकि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता–इंसान ही इंसान को दे सकता है।' वहीं कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि 'एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बच सकता है, इसलिए रक्तदान से बड़ा कोई कार्य नहीं।' आयोजक अभिमन्यु शर्मा ने सभी रक्तदाताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सह-आयोजक कजोड़मल मीणा ने रक्तदाताओं के लिए नाश्ता व फल आदि की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया। कार्यक्रम में सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हनुमान कुमावत, निजी सहायक संघ के सुभाष सिंह, तकनीकी कर्मचारी संघ के बजरंग लाल ज्योतिषी, विधि रचना सेवा संघ के अध्यक्ष निकुंज दीक्षित सहित कमल शर्मा नागोरी, आध्यात्मिक चिकित्सक तरुण माथुर, न्यूरोलॉजिस्ट महान शर्मा, समाजसेवी प्रवीण शर्मा, शरद खंडेलवाल, कृष्णा समेत सचिवालय से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार की योजनाए घर घर तक पहुंचाए: महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** प्रदेश की भाजपा सरकार के स्वर्णिम दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के लिए विकास रथ सोमवार को रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजलदेसर, जेगनिया,ढढेरु व जोगलिया पहुंचा। ग्रामवासियों ने रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि व विकास रथ का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि सरकार की दो वर्ष की स्वर्णिम उपलब्धियां घर घर तक पहुचे व आमजन योजनाओं के प्रचार प्रसार से ओर अधिक लाभान्वित हो, इस उद्देश को लेकर विकास रथ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तक जा रहा है। महर्षि ने कहा कि प्रदेश के मुखिया की मंशा साफ़ है कि अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं की क्रियान्विति हो। इस अवसर पर राजलदेसर तहसीलदार हरदीप सिंह,सरपंच देवीलाल मेघवाल, गिरदावर सुरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार पारीक, कुम्भाराम स्वामी, कुन्दनमल शर्मा,सतवीर यादव, बाबूलाल सैनी,अनीता धायल, शोभा कँवर, सरोज पूनिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हादसों में दो झुलसे, एक घायल




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तीन अलग अलग हादसों मे तीन लोग गंभीर घायल हो गए। गत शाम को सड़क हादसे मे डूंगर बालाजी रोड पर करणी माता मंदिर के पास सड़क हादसे मे मोटरसाइकिल सवार अजय सिंह, करनपुरा घायल हो गया। जिसका राजकीय बगड़िया अस्पताल में उपचार किया गया। इसी प्रकार दूसरे हादसे मे गंभीर रुप से झुलसे व्यक्ति के परिजनों ने सोमवार सुबह अस्पताल में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार घर पर चाय बनाते समय गैस पाइप लीक होने से रामूराम, निवासी सूरवास गंभीर रुप से झुलस गया। जिसे विक्रम चायल और टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण आगे रैफर कर दिया गया। इसी प्रकार तीसरे हादसे में साण्डवा निवासी छोटूदेवी पत्नी शिवलाल खाना बनाते समय गैस लीक होने से चेहरे सहित पूरी झुलस गई। जिसे सांडवा से सुजानगढ़ लाया गया, जहां डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. रघुवीर तूनवाल ने प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया।

## 5 स्कूलों के 195 बच्चों के लिए यंग्स क्लब ने उपलब्ध करवाए स्वेटर

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ एवम सोहनलाल जंवरीदेवी भूतोडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राज जाजोदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 5 सरकारी विद्यालयों के 195 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर्स उपलब्ध करवाए गए। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि समाजसेवी जसकरण भूतोडिया कि स्मृति में उनकी धर्मपत्नी गट्टू देवी व पुत्रों प्रमोद-प्रसन्न भूतोडिया के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने की। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान बीदासर संतोष मेघवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा आत्म समृद्धि का मार्ग है, अतः विद्यार्थी संकल्प शक्ति के साथ अपना लक्ष्य अर्जित करें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संदेश हमें आत्मसात करते हुए शिक्षा पर ध्यान देनार चाहिए। आयोजन की पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से राजउमा जाजोदिया विद्यालय सहित मलसीसर, कोलासर, भांगीवाद, धा चारणान ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। प्राचार्य कमलेश सिंघल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने कहा कि 1960 से संचालित स्कूल में आज भामाशाहों की जरूरत है। शिक्षा विभाग ने हाल ही आंकलन करवाया है, जिसमें 30 कमरों को जर्जर घोषित किया गया है, लेकिन हमारी मांग है कि फिर से निरीक्षण करवाए जाकर मरम्मत की जाए और बंद कमरों को खोला जाए प्राचार्य धर्मसिंह मीणा ने कहा कि 31 कमरों को सील किया गया, जिसे खुलवाए जाकर विद्यार्थियों को राहत प्रदान की जाए या फिर कोई बड़ा बजट लाकर नई बिल्डींग बनवाई जाए। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि सरकारी आदेशों के दबाव के चलते अधिकारियों ने ऐसा किया है, लेकिन मैं इस मामले में जिला कलक्टर से बात करके वापस सर्वे करवाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों के लिए क्लब परिवार का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान मनभरी देवी, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, भाजपा अध्यक्ष विनय माटोलिया, बुद्धिप्रकाश सोनी, क्लब प्रतिनिधि निर्मल बोकडिया, सुशील भूतोडिया, जयश्री सेठिया, स्नेहप्रभा मिश्रा, तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष राजकुमारी भूतोडिया, समाजसेवी सज्जन बोकडिया, रघुनाथ सेवदा, भंवरलाल बिजारणिया, मनोज पारीक, कमल दाधीच मौजूद रहे। छात्रा कनक ने नृत्य प्रस्तुत किया। वीणा भोजक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत ललित सोनी, शिक्षक गोविंद सोनी, वेद प्रकाश, भागीरथ जाट, प्रताप सिंह, राजूराम, आशा, कमला, बबीता, विजय लक्ष्मी आदि ने किया।

## तीन दिवसीय शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट में तीन दिवसीय शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन उपनिदेशक महात्मा गांधी प्रकोष्ठ गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि व्यक्तिव विकास के लिए अनुशासन सर्वोपरि है। किसी भी कार्य को यदि हम एकाग्रचित होकर करते हैं, तो इक्कीस दिन के गहन अध्ययन के बाद वह आदत बन जाती है। इसलिए सद्गुणों की वृत्ति और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमारे दैनिक जीवन में योग की भूमिका अनूठी है। शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण में सभी संभागियो को अपने दैनिक प्रवृति के साथ शिक्षण कार्य में योग और खेल भी करवाने चाहिए। इससे बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास में वृद्धि होती है। जिससे बच्चे की मनोवृत्ति पूर्ण रूप से बदल जाती हैं। संस्था, समाज, राष्ट्र निर्माण के विकास के लिए वही बच्चा निकट भविष्य में पथ प्रदर्शक का कार्य करता है। डब्ल्यूई प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत ने बताया कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। शिक्षण कार्य में शिक्षक को नए-नए क्रिया कलाप, गतिविधियां, खेल एवं रोचक तथ्य प्रस्तुत करने चाहिए। सारस्वत ने बताया कि जिले में एक विद्यालय एक खेल के नवाचार को अपनाने में शारीरिक शिक्षक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राष्ट्रीय कार्यकर्ता सुरेश शर्मा ने बताया कि मोबाइल के स्थान पर खेल मैदान में ले जाकर बालक के सर्वांगीण विकास की महती आवश्यकता हैं। पतंजलि योग समिति के सदस्य विजय गोठवाल ने योग के भागों की विस्तृत चर्चा की। आईएफआईसी प्रभागाध्यक्ष विजय लक्ष्मी शेखावत ने बताया कि व्यक्तित्व विकास के लिए ध्यान लगाना अति आवश्यक है। कुसुम शेखावत ने बताया कि शिक्षा के नए-नए आयाम बच्चे के लिए तभी अच्छे साबित होंगे, जब हमारा शिक्षक समाज उसके प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करेगा। संभागी सुरेश बुंदेला ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में खेल जरूरी हैं। खेल से बच्चों का चहुंमुखी विकास होता हैं। संभागी तारा लक्ष्मी शर्मा, दशरथ नैन, लाजवंती, रंजू कंवर सहित जिले के 40 संभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## सीकर के रक्तवीर भटिंडा में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निसं.)** मानव सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में शेखावाटी अंचल ने एक बार फिर पूरे देश में अपनी पहचान स्थापित की है। पंजाब के भटिंडा में आयोजित राष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान समारोह में सीकर जिले के तीन रक्तवीरों को उनके सेवा कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया । सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक एवं रक्त मोटीवेटर बी एल मील ने बताया कि सीकर के प्रसिद्ध रक्तवीर सुरेन्द्र कुमार सन्नी शिवसिंहपुरा, रक्तवीर महेन्द्र जांगिड़ तथा रक्तवीर साथी मूलचंद वर्मा को रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर, निस्वार्थ और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। पंजाब के भटिंडा शहर में आयोजित भव्य समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए दर्जनों रक्तवीरों का भटिंडा विधायक सुखवेन्द्र सिंह, भटिंडा के उपायुक्त राजेश धीमान, द्धस सहित अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। एक शाम शहीदों के नाम परिवार संस्थापक एवं सुवादेवी स्मृति संस्थान के चंद्र प्रकाश बिजानिया ने बताया कि राष्ट्रीय मंच से सम्मान पाकर सुरेन्द्र कुमार, महेन्द्र जांगिड़ और मूलचंद वर्मा ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर नीयत सेवा की हो, तो छोटे शहरों से भी बड़े बदलाव संभव हैं। इन रक्तवीरों की उपलब्धि ने सीकर और शेखावाटी का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इन रक्तवीरों ने वर्षों से जरूरतमंद मरीजों के लिए दिन-रात रक्त उपलब्ध करवाकर न केवल जीवन बचाए हैं, बल्कि समाज में सेवा की एक मजबूत मिसाल भी कायम की है ।

## विप्र फाउंडेशन ने दिया नर सेवा नारायण सेवा का संदेश, जरुरतमंदों को कंबल वितरण

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र के विप्र फाउंडेशन की ओर से बीकानेर रोड़ स्थित वीर तेजाजी मंदिर में आयोजित कम्बल वितरित कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन ठिठुरन में भाईचारे की ऊष्मा सर्द हवाओं में मानवता को गरमाहट बांटने की एक सराहनीय पहल करते हुए विप्र फाउंडेशन सेवा की एक और लौ जलाने का अनूठा संदेश दिया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने फतेहपुर के गोस्वामी परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि अपने जीवन की मुल कमाई में से कुछ हिस्सा जरुरतमंदों को बांटकर उनकी जरुरतपूर्ण करने पर खुशी जाहिर की। विप्र फाउंडेशन प्रदेश सचिव श्याम लाल जोशी ने संगठन की ओर से जरुरतमंदों की सेवा को श्रेष्ठ बताया। विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि फतेहपुर निवासी हाल ही कलकत्ता प्रवासी गोस्वामी परिवार की ओर से सम्पूर्ण राजस्थान की हर तहसील मुख्यालय पर करीबन हजारों जरुरतमंदों को कम्बल वितरित एक ही दिन में जरुरतमंदों तक पहुंचाने का एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने विप्र फाउंडेशन की ओर से आगामी जन कल्याण व सामाजिक समरसता में करवाए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़ ने गोस्वामी परिवार की ओर से भेजी गई 100 कम्बलों को जरुरतमंदों के बीच बांटने पर इसे श्रेष्ठ कार्य बताया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, प्रदेश सचिव कमलकांत शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, दाधीच समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र दाधीच, युवा कार्यकर्ता प्रवीण भोजक, ताराचंद शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजु दाधीच, महामंत्री अंजना भोजक, उपाध्यक्ष कांता व्यास, उमा भोजक, प्रेमलता सारस्वत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री भोजक, राधा सारस्वत सहित अनेक विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों की उपस्थिति में अनुकरणीय पहल का शुभारंभ किया गया। गोस्वामी परिवार के सौजन्य से ठिठुरतों को कंबल वितरित करने पर सरदारशहर विप्र फाउंडेशन टीम की ओर से फतेहपुर निवासी गोस्वामी परिवार का आभार व्यक्त किया गया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजु दाधीच ने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य से विप्र फाउंडेशन की ओर से शेखावाटी में सर्वजन हिताय का संदेश सेवा से पहुंचा रहे है। कार्यक्रम की जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## *साइबर ठगी के रुपए पीड़ित को वापस दिलाए*

***जयपुर टाइम्स/रतनगढ़(निस)।*** *बैंक खाते से रुपए निकलने की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परिवादी को 89 हजार रुपए वापस दिलाए हैं। रतनगढ़ के गांव टीडियासर निवासी फूलचंद नैण ने ऑनलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई थी। उसके फोन पर रुपए निकलने के मैसेज प्राप्त हो रहे है। जब इस संबंध में ऑनलाइन गूगल पे के कस्टमर केयर के नम्बर देखकर फोन किया, तो एक बार तो फोन कट हो गया, लेकिन उसके बाद रुपए रिफंड के लिए एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने से एक लाख रूपए खाते से निकल गए। घटना से पुलिस को अवगत करवाया, तो ऑनलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस की साइबर टीम अलर्ट हुई और परिवादी के 89 हजार रुपए उसके खाते में पुनः डलवाए गए हैं। सीआई गौरव खिड़िया के निर्देशन में हुए कार्य में कांस्टेबल मुकेश व महेंद्र की विशेष भूमिका रही।*

## ताल छापर में स्वामी गीगदास स्मृति राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती कस्बे छापर में नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी ताल छापर की ओर से स्वामी गीगदास पर्यावरण व प्रकृति सेवा सम्मान के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें इस वर्ष के स्वामी गीगदास पर्यावरण व प्रकृति सेवा सम्मान से सात लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वामी गीगदास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। तरू स्वामी ने गीगदास के कृतित्व और व्यक्तित्व के बारे में बताया। मुख्य अतिथि पीपुल्स फॉर एनीमल्स के राजस्थान प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने कहा कि जंगल के बिना जीवन संभव नहीं है। अध्यक्षता कर रहे चूरू के जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण संकट के मुद्दे पर आम जनता के जागरूक होने की। पर्यावरणीय समस्याएं जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि मनुष्य को अपनी जीवनशैली के बारे में पुनर्विचार के लिए प्रेरित कर रही हैं और अब पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। पदम् श्री हिम्मताराम भामू ने कहा कि ताल छापर के स्वामी गीगदास महाराज का काम आज भी हम सबको प्रेरणा दे रहा हैं। क्योंकि उन्होंने परमार्थ का काम किया और जो परमार्थ का काम करता है वो कभी निष्फल नहीं जाता। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। इस अवसर पर चूरू के जिला वन अधिकारी भवानी सिंह राठौड़, एडवोकेट सूर्य प्रकाश स्वामी आदि ने विचार प्रकट किया। संचालन साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। कार्यक्रम में स्वामी गीगदास पर्यावरण व प्रकृति सेवा सम्मान -2025 से भादरा के पवन शर्मा, गोपालपुरा ग्राम पंचायत की प्रशासक सविता राठी, सरदारशहर के छगनलाल सेवदा, बरडासर के गणेशदास, कर्पूरीसर के विकास स्वामी, श्रीगंगानगर पदमपुर के दिनेश कुमार बिश्नोई और छापर के उमराव कांटीवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक, कर्नल उमेश स्वामी, एडवोकेट सूरजमल यादव, अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल, चैनरूप दायमा, एडवोकेट बृजमोहन चारण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## राज्य सरकार के दो साल पूर्ण होने पर बीदासर गौशाला में गौ सेवा कार्य



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को बीदासर में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त तत्वावधान में श्री बीदासर गौशाला में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव और प्रधान संतोष मेघवाल की मौजूदगी में गोवंश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा उन्हें गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने राज्य सरकार की ओर से बीते दो वर्षों में चलाए गए विभिन्न जनकल्याणकारी अभियानों और योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी।आयोजन के दौरान गौ सेवा और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, गौशाला के नन्दलाल छापोला, रमेश टांटिया, प्रकाश पंसारी, गोपाल प्रजापत, बाबूलाल गुसाईवाल उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों के साथ मनाया सीएम का जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इसके बाद नोखा रोड स्थित श्रीकृष्णा गोशाला में गायों को गुड़-लापसी खिलाकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रधान संतोष मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके जनहितकारी कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान अस्पताल प्रभारी राजेन्द्र घोसल्या, वरिष्ठ भाजपा नेता सचंयालाल बैद, जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, महामंत्री गोपाल प्रजापत, साण्डवा मंडल अध्यक्ष सहिनाथ सिद्ध, पार्षद सांवरमल नाई, प्रहलाद सुथार, बाबूलाल गुसाईवाल, सुरेंद्र सुथार, जयप्रकाश दर्ज़ी, श्रीकृष्ण तेजस्वी, विजय सिंह राजपुरोहित, कान्हाराम जाट, सुभाष तेजस्वी, जगदीश नाई, गोविन्द खंडेलवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लक्ष्य निर्धारण कर विद्यार्थी हासिल करे सफलता: धर्म सिंह



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ नागरिक परिषद उमावि में ब्लॉक स्तरीय ग्रीन, ग्रोथ, क्लीन अभियान के अन्तर्गत निबंध, आशुभाषण, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के निजी एवं राजकीय विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम लक्षिता राठोड, द्वितीय जयश्री प्रजापत, तृतीय नंदिनी सियोता रही। इसी प्रकार निबंध में तमन्ना, माया मेघवाल, कुमकुम शर्मा ने क्रमशः पहले तीन स्थान हासिल किए। आशुभाषण में वंशिका, तमन्ना, योगिता, क्विज में अंकिता सुथार, लव, पुष्पा खड़नवालिया विजेता रहे। सभी विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीबीओ मंजू पंवार रहीं, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य महमूद हसन ने की। प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा, प्रेमलता प्रजापत, बलदेव ढाका उपप्रधानाचार्य, रामेश्वरलाल खीचड़, शिवभगवावन रूहेला, भागीरथ गोदारा आदि ने निणार्यक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर धर्मसिंह मीणा ने कहा कि लक्ष्य तय कर उसे प्राप्ति की योजना बनाकर ही सफलता हासिल की जा सकती है।

## गीता क्लासेज में गीता ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता ज्ञान की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। जिन बच्चों ने 5 श्लोक सुनाए, उन्हें सरल गीता प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। माधुरी शर्मा ने बच्चों को पंचामृत पांच श्लोक सरल गीता का पाठ करवाया। जनार्दन आचार्य ने बच्चों को गीता की प्रश्नोत्तरी के बारे में जानकारी दी। ममता शर्मा और विजयलक्ष्मी शर्मा ने कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि रोज नए बच्चे उत्साह के साथ आ रहे हैं और जो बच्चे नियमित नहीं आ पा रहे हैं। वे यहां से पुस्तक लेकर घर पर स्वाध्याय कर रहे हैं। गीता क्लासेज में रोजगार का भी अच्छा साधन उपलब्ध करवाया रहा है। इस अवसर पर श्यामलाल भोजक सपत्नीक सहित व संजय शर्मा उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर उन्नयन: सहारण

### प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने पर आरोग्य शिविर

### विधायक सहारण व जिला कलक्टर सुराणा ने किया शिविर का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डीबी अस्पताल में सोमवार को आरोग्य शिविर व रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, निर्वतमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, सीईओ श्वेता कोचर, वासुदेव चावला, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, महेंद्र न्यौल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की और शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया। विधायक सहारण ने शुगर जांच करवाई। अतिथियों ने आरोग्य शिविर का अवलोकन कर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्त वीरों को प्रोत्साहित किया। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर उन्नयन हो रहा है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से आमजन को मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आमजन को त्वरित, समयबद्ध व समुचित ढंग से चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिए संस्थागत विकास को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने पीएम आवास योजना, एनएफएसए आवेदनों, इलाज, सड़क सुरक्षा आदि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया करवाने के लिए चिकित्सा विभाग की टीम मुस्तैदी से काम करें। प्रदेश सरकार के प्रयासों से जिले में निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन हुआ है। जिले के सुजानगढ़, राजगढ़ तारानगर में उप जिला अस्पताल के भवन तथा रतनगढ़ जिला अस्पताल का नया भवन निर्माणाधीन है। तारानगर में भी नए भवन हेतु भूमि आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि चिकित्सा विभाग की सभी सेवाएं एनक्यूएएस सर्टिफाइड हों। उन्होंने कहा कि चूरू जिले में क्षतिग्रस्त चिकित्सा भवनों की मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। हम प्रयास करें कि जिला टीकाकरण, एएनसी जांच और संस्थागत प्रसव में पीछे नहीं रहे। इसी के साथ अस्पतालों में न्यूनतम रेफरल किए जाएं। वासुदेव चावला ने कहा कि जिले में चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर आगे बढ़ रही हैं। हम सभी मिलकर जनसहभागिता के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएं। बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल में रोजगार, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा व एसीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी ने अतिथियों का स्वागत किया। सीएमएचओ ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। शिविर के दौरान विभिन्न रोगों की जांच, निःशुल्क दवाइयों का वितरण, स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, ओम सारस्वत, अभिषेक चोटिया, विमला गढ़वाल, नरेंद्र काछवाल, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, धर्मेंद्र राकसिया, सत्तार खान, गोपाल बालाण सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सही समय पर सही निर्णय करने का साल है 2026: सुरेंद्र नामदेव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वर्ष 2026 में न्यूमरोलॉजी की दृष्टि से बढ़ती चिंताएं बढ़ेंगी और उनके समाधान भी नजर आएंगे। अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि यह वर्ष नए निर्णय, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का संकेत देता है। लेकिन हर नया आरंभ अपने साथ कुछ मानसिक दबाव और चिंताएँ भी लेकर आता है। साल युवाओं में युवाओं में कमाई और करियर की चिंता काफी ज्यादा देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि 2026 में युवा वर्ग आर्थिक स्थिरता और पहचान को लेकर अधिक गंभीर रहेगा। मूलांक 1, 5 और 8 वाले युवाओं के लिए यह वर्ष अवसरों से भरा रहेगा, लेकिन धैर्य और सही दिशा आवश्यक होगी। न्यूमरोलॉजी बताती है कि इस वर्ष जल्दबाजी नुकसान दे सकती है, युवाओं को चाहिए कि किसी भी प्रकार का सट्टा, शेयरमार्केट या कोई रिस्की काम न करे। इसके बजाय योजनाबद्ध और ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो स्थायी सफलता मिलनी निश्चित है। दूसरी ओर युवतियों में अच्छे वर की चिंता दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। 2026 में विवाह से जुड़े निर्णयों में सोच-समझ कर निर्णय लिया जाना चाहिए और आत्मसम्मान की बातें प्रमुख रहेगा। मूलांक 2, 6 और 9 वाली युवतियाँ के लिए 2026 जीवनसाथी के हिसाब से बहुत अच्छा साल होने वाला है। इस वर्ष नामांक और अंक अनुकूलता विवाह में आने वाली देरी और असमंजस को दूर करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। वहीं 35 प्लस आयु वर्ग में स्वास्थ्य की चिंता भी इन दिनों बढ़ती जा रही है। जिसका सबसे बड़ा कारण नेगेटिव न्यूज देखना और नेगेटिव थिंकिंग है। इसी प्रकार नेगेटिव लोगों की संगत से बचना चाहिए। नामदेव ने बताया कि वर्ष 2026 में 35 वर्ष से ऊपर के लोगों में तनाव, ब्लड प्रेशर, थकान और नींद से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान देना आवश्यक होगा। कुछ लोग ज्यादा ब्याजदर पर कर्ज लेते हैं, और ब्याज सहित काफी ज्यादा रकम चुकाकर भी मूलधन नहीं चुका पाते। ऐसी घटनाओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि इन सबका अंत डिप्रेशन तक जाता है और डिप्रेशन का शिकार व्यक्ति शारीरिक समस्याओं और बिमारियों से घिर जाता है। मूलांक 4 और 7 वालों को विशेष रूप से दिनचर्या, भोजन और मानसिक शांति पर काम करना होगा। न्यूमरोलॉजी के अनुसार समय रहते संतुलन बनाना स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है। अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि वर्ष 2026 केवल भविष्य देखने का नहीं, बल्कि सही निर्णय लेने का वर्ष है। न्यूमरोलॉजी और ज्योतिष हमें यह सिखाते हैं कि हर समस्या का समय होता है और हर समाधान का भी उचित वक्त होता है। सही अंक, सही समय और सही मार्गदर्शन से चिंता को अवसर में बदला जा सकता है। इसलिए चिंता की बजाय सही समय पर सही निर्णय लेना जीवन को आसान और सुखी बनाने की दिशा में काफी कारगर कदम साबित होता है।

# कांग्रेस की दिल्ली रैली है फ्लोप शो: कुलदीप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता व पूर्व उप सभापति बाबूलाल कुलदीप ने कहा है कि दिल्ली में वोट चोर के नाम से जो रैली आयोजित की गई, वो केवल और केवल कांग्रेस का फ्लोप शो है। कुलदीप ने कहा कि राहुल गांधी को कोई देश में सीरियसली नहीं लेता, इसलिए उन्होंने आजकल प्रोपरगेंडा टाईप राजनीति शुरू कर दी है। कुलदीप ने भाजपा के राजस्थान में भजनलाल सरकार के दो साल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर छत सुनिश्चित करने का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का विजन जनता को रास आ रहा है और जनता प्रधानमंत्री मोदीजी के साथ है। कुलदीप ने कहा कि सुजानगढ़ की दलित बस्तियों से हजारों लोग कांग्रेस की रैलियो में जाते थे, लेकिन इस बार कोई नहीं गया। कारण सीधा सा है कि कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल बने हैं, जो अपने संगठन के कामों के प्रति ज्यादा गंभीर नहीं हैं। मनोज मेघवाल पर निशाना साधते हुए कुलदीप ने कहा कि जिस प्रकार से जिलाध्यक्ष नहीं बनने की चाहत दिखाने का नाटक किया गया, उससे साफ जाहिर है कि उन्होंने दूसरे नेताओं के हिस्से के जिलाध्यक्ष पद छीनने का काम किया है। कुलदीप ने कहा कि जय निवास के ईर्द-गिर्द घूमने वाले कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की रैली में भाग लिया, क्योंकि आम आदमी को अब मूर्ख नहीं बनाया जा सकता।

## उपजिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, 38 लोगों ने किया रक्तदान

**सरदारशहर(निस)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस पर राजकीय उपजिला अस्पताल में आयोजित शिविर में 38 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का फीता काट कर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित व सभापति राजकरण चौधरी ने किया। सर्वप्रथम अस्पताल प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड, डॉ निर्मल पारीक, डॉ लोकेंद्र सिंह, डॉ स्वाति गेट, डॉ संजय बडगुर्जर, डॉ जयप्रकाश, कानाराम सारण, मयंक मोदी, प्रकाश सूंडा, बुलाकी शर्मा, राजकरण सोनी, रघुवीर पांडिया, विनोद कंवर, सरोज मीणा, शेरसिंह, राधेश्याम, कपिल मोदी, बंशीधर सहित 38 जनों ने रक्तदान कर मानवता का धर्म निभाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सहित अनेक जन उपस्थित रहे। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष राजपुरोहित के नेतृत्व में गायों को गुड खिलाया। वहीं सभापति राजकरण चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा खिलाकर यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्म दिवस मनाया।

# लायन्स क्लब ने 125 बच्चों को बांटे स्वेटर व जुराब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** लायन्स क्लब डायमंड की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 8 व राजकीय उच्च प्राथमिक अनिवार्य विद्यालय नम्बर 01 में 125 छात्र छात्राओं को गर्म स्वेटर व जुराब वितरीत किए गए। क्लब मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि कमलादेवी भोजक की स्मृति में प्रेमरतन भोजक परिवार के आर्थिक सौजन्य से स्कूल में 125 बच्चों को स्वेटर, जुराब राजीव भोजक के हाथों से वितरित किए। इस अवसर पर लायन अध्यक्ष किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, लायन अनिल गोयल, घनश्याम बोचीवाल, मुबारक तुगलक, महेंद्र निर्वाण, विपिन गोयल, देवचंद सोनी, प्राचार्य प्रमोद शर्मा, प्राचार्य शंकरलाल मेघवाल, सरोज, सुमन, सुनील मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567- 294504

क्रमांकः– न.पा.रा. / 2025–26 / 10614 दिनांकः– 11.12.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 04 Work is invited from interested bidders upto 22.12-2025, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) (www.eproc.rjasthan.gov.in)
NIB Code – DLB2526A8992
UBN Code – (DLB2526WSRC26881), (DLB2526WSRC26882), (DLB2526WSRC26883), (DLB2526WSRC26884)

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजलदेसर
राज.संवाद / सी / 25 / 15821

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल बीदासर जिला चूरू राज.**

क्रमांक / न.पा.बी. / 25–26 / 2912 दिनांक 12.12.2025

**–: निविदा सूचना:–**

नगरपालिका कार्यालय द्वारा के लिये स्थानीय निकाय विभाग / राजस्थान सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत विभागों द्वारा पंजीकृत निविदा हेतु पात्रता की श्रेणी के नियमानुसार संवेदकों से दिनांक 19.12.2025 तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में आमन्त्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है तथा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।
NIB No. DLB2526A9059
UBN NO. DLB2526SSOB27067
UBN NO. DLB2526SSOB27068
UBN NO. DLB2526SSOB27071

अध्यक्ष
नगरपालिका, बीदासर

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, बीदासर

राज.संवाद / सी / 25 / 15866

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567- 294504

क्रमांकः– न.पा.रा. / 2025–26 / 10621 दिनांकः– 11.12.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 05 Work is invited from interested bidders upto 22.12-2025, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) (www.eproc.rjasthan.gov.in)
NIB Code – DLB2526A8990
UBN Code – (DLB2526WSRC26876), (DLB2526WSRC26877), (DLB2526WSRC26878), (DLB2526WSRC26879), (DLB2526WSRC26880)

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजलदेसर
राज.संवाद / सी / 25 / 15822

**कार्यालयः- अधीक्षक, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**
Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3641 दिनांकः- 11.12.25

**-: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना के अंतर्गत रिजेण्ट्स क्रय हेतु | 45.00 लाख | 23-12-2025 | MHS2526GLRC05412 |

अधीक्षक
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/18469/2025

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक :-न.पा.फु/2025-26 /2421 दिनांक- 15/12/2025

**-: आपत्ति सूचना :-**

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने उपविभाजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र. स. | प्रार्थी का नाम | आवंटी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती संजू कुमावत पत्नि श्री ओम प्रकाश कुमावत | श्री दिनेश सेठी पुत्र श्री कैलाश चन्द सेठी | आवासीय भूखण्ड न. 16 (उत्तर-पूर्वी हिस्सा) वाके शान्ति कुंज खसरा न. 449 व 450 जोबनेर रोड फुलेरा | 91.66 | उपविभाजन |
| 2. | श्री बलवीर सिंह गुर्जर पुत्र श्री रोडु सिंह गुर्जर | श्री दिनेश सेठी पुत्र श्री कैलाश चन्द सेठी | आवासीय भूखण्ड न. 16 (उत्तर-पूर्वी हिस्सा) वाके शान्ति कुंज खसरा न. 449 व 450 जोबनेर रोड फुलेरा | 91.66 | उपविभाजन |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार उपविभाजन के अन्तर्गत आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत जीलो**
**पंचायत समिति पाटन, जिला- सीकर राज.**

क्रमांक :- 287 दिनांक- 13-12-2025

**Notice inviting Big**

Bid for Construction works under other Scheme are inviteol from intersteel biclders Upto 13-12-25 9:30 Am to 20/12/2025, 1:00pm. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http//sppp.raj.nic.in of the state. the Approximate value of the work is maxi. 3,50 lac.

UBN No. PKP2526WSOB00226-229

प्रशासक
ग्रा. प. जीलो

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. प. जीलो

**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांकः न. प. सु. / भूमि शाखा / 2025 / 9419 दिनांक 15-12-2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती सुमिया खीची पत्नी श्री सैफ अली दईया | सुजानगढ़ | 1374 | 346.81 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

**कार्यालय नगरपालिकामण्डल तारानगर (चूरू) राज.**
Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.ता. / 2025-26 /6033-37 दिनांकः-15.12.2025

**निविदा सूचना / 2025-26/12**

नगरपालिका साहवा द्वारा राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से निविदा प्रति दिनांक 24.12.2025 समय दोपहर 02.00 बजे तक विक्रय की जाकर सांय 04.00 बजे जमा ली जाकर इसी दिनांक को सांय 05.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी । निविदा शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में विक्रय/खोली जावेगी। बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका साहवा को होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।
Amount :- 14.83 Lakh

(अजय प्रताप सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर (चूरू)

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
16 दिसम्बर, 2025


## गैंगस्टर का गुर्गे देसी कट्टा सहित गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र के कई पूंजीपतियों से विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा व महेंद्र डेलाणा की ओर से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस थाने में मामले दर्ज हो चुके हैं। विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा व महेंद्र डेलाणा की ओर से पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकियां भी दी जा चुकी है। वहीं सरदारशहर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने सरदारशहर में होने वाली किसी बड़ी वारदात को टाल दिया है। पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गौदरा व महेंद्र डेलाणा के गुर्गे सरदारशहर के गाजूसर गांव निवासी 21 वर्षीय प्रदीप छिंपा उर्फ पीसी पुत्र ओमप्रकाश छिंपा को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी प्रदीप छिंपा उर्फ पीसी विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गौदरा व महेंद्र डेलाणा गैंग का सक्रिय सदस्य है तथा गैंग का सदस्य रहते हुए संगठित रूप से अपराध करता है। आरोपी प्रदीप छिंपा उर्फ पीसी चूरू के सनसिटी होटल के फायरिंग प्रकरण में भी आरोपी था। उक्त फायरिंग भी रोहित गौदरा व महेंद्र डेलाणा के निर्देशन पर की गई थी। वहीं पुलिस अब आरोपी प्रदीप छिंपा उर्फ पीसी से गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस पूछताछ में यह पता करेगी कि आरोपी प्रदीप छिंपा उर्फ पीसी कौन सी बड़ी वारदात करने की फिराक में था। लेकिन सरदारशहर पुलिस की सजगता से शहर में होने वाली एक बड़ी वारदात टल चुकी है। वहीं इस पूरी कार्रवाई में एएसआई प्रदीप कुमार मीणा, कांस्टेबल शिवलाल और रोहिताश कुमार की विशेष भूमिका रही हैं।

## कच्चा बस स्टैंड की व्यवस्था में सुधार व चाइनीज मांझे पर कार्रवाई की मांग, विकास मंच ने किया नगर परिषद का घेराव



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के विकास मंच ने सोमवार को शहर की मांगों को लेकर नगर परिषद का घेराव करते हुए नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि शहर में बने कच्चा बस स्टैंड नगर परिषद की ओर से अच्छी व्यवस्था के साथ बनाया गया था। लेकिन आज बड़ी बदस्तूर स्थिति से कच्चा बस स्टैंड गुजर रहा है। हमारी मांग है कि कच्चा बस स्टैंड की व्यवस्थाओं में नगर परिषद सुधार करें और शहर में धड़ल्ले से बिक रहे चाइनीज मांझे पर सख्त कार्रवाई करते हुए रोक लगाने का काम करें। जिससे आमजन चाइनीज मांझे की चपेट में आने से कोई घायल नहीं हो, पशु पक्षियों के लिए भी चाइनीज बहुत खतरनाक साबित हो रहा हैं। जिससे पशु पक्षियों की मौत भी हो जाती है। हमारी मांग है कि जल्द ही इस पर नगर परिषद संज्ञान लेकर हमारी मांगों पर समाधान करें। अन्यथा विकास मंच की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं नगर परिषद आयुक्त मगराज डूडी व सभापति राजकरण चौधरी के साथ विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित सहित टीम के साथ हुई वार्ता में नगर परिषद आयुक्त व सभापति ने जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिस पर विकास मंच की ओर से नगर परिषद के आगे धरना समाप्त कर दिया। धरने पर बड़ी संख्या में विकास मंच के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोपुजन कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर पशुपालन विभाग की ओर से निर्देशित कार्यक्रम के अनुसार श्रीनाथ नगर गौशाला में गौपुजन व गायो को हरा चारा व गुड़ की सवामणी का भोग लगाया गया। जिसमें राजकुमार बिनायकिया, मुलचंद सोनी, देवकरण पाण्डे, सत्यनारायण पुरोहित, रामलाल पारीक, राजेन्द्र शर्मा, गोरख पाण्डे,पवन बोथरा, प्रमोद नाई, पवन शर्मा, विजय कुमार भोजक सहित गोशाला के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दन्त चिकित्सा व सोनोग्राफी कक्ष का नवीनीकरण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में रविवार शाम को स्थानीय रोटरी क्लब व रिमी डेंटल के संयुक्त तत्वावधान में नि: शुल्क दन्त जांच व चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ रामगढ़ शेखावाटी की उपखण्ड अधिकारी भारती फुलफकर ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रोटरी सेवा के पर्याय से समाज में एक विशिष्ट स्थान बनाएं हुए है। शिविर में 148 रोगियों की दन्त जांचकर परामर्श दिया। शिविर में डॉ अनिल भाकर, डॉ ईमरती सिहाग, डॉ नितेश केसरवानी, डॉ गरिमा शर्मा ने सेवाएं दी। इसी क्रम में अन्य सेवा कार्य में राजकीय उपजिला चिकित्सालय में रोटरी क्लब व रोटरी सेवा ट्रस्ट की ओर से सोनोग्राफी कक्ष का नवीनीकरण व सौन्दर्यकरण किया गया। कक्ष का लोकार्पण डॉ चन्द्रभान जांगिड़, डॉ निर्मल पारीक व डॉ रोहिताश्व कुमार कुमावत ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गणेश जैसनसरिया, कार्यक्रम संयोजक डॉ अशोक गुप्ता, राजकुमार तिवाड़ी, सुरेन्द्र जैसनसरिया, मुकेश सैनी, श्याम सुन्दर तोषनीवाल, राजकुमार खटोड, डॉ संदीप बिजारणिया, डॉ अजीत, हुलासमल व्यास, विश्वनाथ अग्रवाल, शिवशंकर, वेदप्रकाश महर्षि, विकास लखोटिया, देवकीनंदन अग्रवाल, कानाराम, रघुवीर पारीक, मुन्नीलाल सुण्डा, डॉ किशोर सिंह, अंजनी भाट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक व संयोजन राजकुमार तिवाड़ी ने किया।

## लोकरंजन परिषद दने जरुरतमंदों को दी नि:शुल्क रजाइया

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** सर्दी के इस कठिन समय में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लोकरंजन परिषद् सरदारशहर के सौजन्य से बालाजी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में बांय ग्राम में नि:शुल्क रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों की भावना से ओतप्रोत इस कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुरूप गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों की ओर से जरूरतमंद, असहाय व गरीब परिवारों को नि:शुल्क रजाइयों का वितरण किया गया। रजाई पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज के सक्षम वर्ग का दायित्व है कि वह आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करे ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित न हो। संस्था के उपाध्यक्ष शोभाकांत स्वामी ने घोषणा करते हुए बताया कि लोकरंजन परिषद् की ओर से प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से 50 नि:शुल्क रजाइयों का वितरण किया जाएगा ताकि सेवा कार्य निरंतर चलता रहे। उन्होंने इस जनसेवा अभियान में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों, कार्यकर्ताओं व दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था के मंत्री शम्भू दयाल पांडिया ने संस्था के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लोकरंजन परिषद् व बालाजी सेवा समिति निरंतर सामाजिक, शैक्षणिक एवं मानवीय सरोकारों से जुड़े कार्य करती आ रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य और अधिक विस्तार के साथ किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों व सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में लोकरंजन परिषद् सरदारशहर के उपाध्यक्ष शोभाकांत स्वामी, मंत्री शम्भू दयाल पांडिया, सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पारीक, सामाजिक कार्यकर्ता विवेक नौलखा, रामप्रसाद सुथार तथा बालाजी सेवा समिति की ओर से बलवंत सिंह सचिव-प्रधानाचार्य, शिक्षक नेता गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष दुनीचंद जोशी, अग्रवाल सेवा मंडल अध्यक्ष रवि कुमार अग्रवाल, दिलीप सिंह राठौड़, मदन लाल जोशी, राधेश्याम शर्मा, नेमीचंद जोशी, भवानी शंकर जोशी, भादरमल फौजी, अमरचंद जोशी, पदमसिंह राजपूत, नेमीचंद गुर्जर, सांवरमल शर्मा, पवन कुमार मित्तल, राजेन्द्र अग्रवाल, रामनिवास पेड़ीवाल, महेंद्र कुमार छींपा, महेंद्र नोखवाल, नत्थूराम जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, मोहनलाल बिगतानी, सांवरमल मित्तल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया के प्रभाव, दुष्प्रभाव व जल संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से राजकीय झंवर बालिका विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय सोशल मीडिया के प्रभाव और दुष्प्रभाव व जल संरक्षण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जोन चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, कमला सिंघी एवं प्रधानाध्यापिका कुसुम शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संयोजिका सुनीता रावतानी ने बताया कि झंवर स्कूल, पीसीबी स्कूल, गांधी बालिका, भीमसरिया स्कूल, कंदोई बालिका, एवरग्रीन स्कूल, दयानंद विद्या विहार, भूरमल मिश्र उच्च माध्यमिक के 87 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ चित्रकारी करने वाले बच्चों को लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से आगामी 21 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम चार्टर संध्या में पुरुस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लॉयन सदस्य सुषमा मूंदड़ा, सुनीता तापड़िया, चित्रा जगवानी, देवकृष्ण मालपानी, स्वनंदा महेन, राजकंवर मीणा, हरिप्रसाद टेलर, कंदोई बालिका से सुलोचना, भीमसरिया से रेशम रावतानी, पीसीबी से सुमन शर्मा, गांधी बालिका से दीपिका टेलर, भूरमल मिश्र उच्च माध्यमिक विद्यालय से छगनलाल सांखला, एवरग्रीन स्कूल से श्रवण कुमार जाखड़ ने अपना सहयोग दिया। प्रधानाध्यापिका कुसुम शर्मा ने आभार प्रकट किया।

## ऑल इंडिया पारीक महासभा ने दिल्ली ने एक बार फिर निभाया सामाजिक सरोकार का दायित्व

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस पार्टी की महारैली में सरदारशहर से लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने विधायक अनिल शर्मा के नेतृत्व में दिल्ली रैली में भाग लिया। दिल्ली जैसे महानगर में रैली के स्थान के पास शहर के मध्य भाग में ठहरना व लगभग 35-40 छोटे वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करना जैसा बहुत कठिन कार्य था। ऐसी स्थिति में स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने ऑल इंडिया पारीक महासभा दिल्ली के सदस्यों को दिल्ली आने के बारे में अवगत करवाया। जिस पर ऑल इंडिया पारीक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल पारीक व विद्याधर पारीक साहवा ने सरदारशहर से आने वाले लगभग 200 लोगों के रहने खाने की व्यवस्था अपनी तरफ से पारीक भवन दिल्ली में की गई। इनके इस कार्य की सभी लोगों ने भरपूर प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्यों में निरंतर बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। स्थानीय विधायक शर्मा ने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में इस तरह की व्यवस्था करना अपने आप में एक अद्भुत कार्य है। इस अवसर पर अध्यक्ष बाबूलाल पारीक, विद्याधर पारीक, सुशील तिवाड़ी, धर्मेन्द्र पारीक, धर्मचंद पारीक, सीताराम पारीक, बंशीधर पारीक, रामनिवास पारीक, श्यामलाल पारीक, बनवारीलाल पारीक, राजेन्द्र कीतासर, सतीशकुमार जोशी, किशनलाल तिवाड़ी आदि महासभा के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएम भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस पर सफाई कर्मचारियों को बांटे कंबल



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस और राजस्थान भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल, लक्ष्मणगढ़ की ओर से नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 200 सफाई कर्मचारियों को कंबल वितरित कर सेवा और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ एवं जिला मंत्री डॉ. अर्चना पुरोहित की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का विचार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते दो वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिला मंत्री डॉ. अर्चना पुरोहित ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' भाजपा का मूल मंत्र है और सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियां जनकल्याण, पारदर्शिता व सुशासन की मिसाल हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला महामंत्री राजेश रोलण, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जिला मंत्री डॉ.अर्चना पुरोहित, मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार, नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शिव भगवान बगड़िया, गृह मंत्रालय हिंदी भाषा सलाहकार करण सिंह, जिला सदस्य कुसुम पुजारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, शिव बक्श पटवारी, मनोज शर्मा, प्यारेलाल कटारिया, जिला परिषद सदस्य रतन गोदारा, पार्षद रामावतार पंवार, कमल शर्मा, दीनदयाल जोशी, एससी मोर्चा अध्यक्ष संतोष बाल्मीकि, राजेश जोशी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनीत सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अयूब बागडोदिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, सुभाष जांगिड़, अशोक पुजारी, मनीष जांगिड़, विक्रम तंवर, रामप्रसाद जड़िया, सज्जन पारीक, अंकित सुरोलिया एवं शहर मण्डल के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु व प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की।

## गौसेवा कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सोमवार को चूरू रोड स्थित स्थानीय गौशाला एवम ग्राम भरपालसर गौ शाला में विधिवत गौ पूजा करके दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गौसेवा करके सूबे के मुखिया भजनलाल शर्मा का जन्मदिवस मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि प्रदेश सरकार के स्वर्णिम दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ है। प्रदेश में खुशहाली के साथ सुशासन स्थापित है। प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश को विकास के क्षेत्र में निरन्तर शिखर की ओर ले जा रही है। महर्षि ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ प्रदेश के मुखिया के जन्मदिवस और दो वर्ष के स्वर्णिम काल की उपलब्धियों पर गौसेवा करके गौ माता से प्रदेश की खुशहाली की कामना की है। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने भी सम्बोधित किया। शहर मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने बताया कि इस अवसर पर गौ माता को हरा चारा, गुड, हरी सब्जियां आदि खिलाकर गौसेवा की गई। भाजपा हर कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मानते हुए सेवाकार्य करती है। इस अवसर भाजपा जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, सुभाष भूण, मण्डल महामंत्री दीपक मुरारका, मण्डल मन्त्री राधेश्याम रांकावत, भीमराज प्रजापत,हेमन्त पंवार, निखिल इन्दौरिया, गौतम महर्षि, गौरीशंकर जालान, दुर्गादत्त गोयनका, शम्भूदयाल लाटा, भरत रांकावत, प्रह्लाद भार्गव, रामकिशन गौरिसरिया दीपचन्द प्रजापत, हनुमान सिंह, पृथ्वी सिंह, भंवरलाल टेलर, राकेश गौड़, शक्तिधर त्रिवेदी, रमेश जेदिया, रामगोपाल चौधरी, कैलाश चौधरी, प्रदीप सैनी, मनोज चौमाल, जगदीश सांखोलिया, जयप्रकाश तामडायत, विमल शास्त्री, धनराज सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, धनराज चौधरी, श्यामसुंदर माटोलिया सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## गौसेवा कर मनाया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन


जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार के दो साल पूरे होने और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष में नाथोतालाब स्थित गोपाल गोशाला में गौ माता की पूजा की गई और भाजपा नेताओं द्वारा गौसेवा कर सीएम का जन्मदिन मनाया गया। मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय माटोलिया ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर गौमाता का पूजन कर गायों को हरा चारा, खल व गुड़ खिलाकर गौसेवा की और सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन व सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों ने जनाना अस्पताल में आयोजित आरोग्य शिविर का अवलोकन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता व पूर्व प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान मनभरीदेवी, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, डॉ राजबाला, जिलामंत्री पवन माहेश्वरी, जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजरणिया, गौशाला अध्यक्ष मानकचंद सर्राफ, पार्षद तनसुख प्रजापत, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज पारीक, हरिओम खोड़, रेवतमल पंवार, नवरत्न पुरोहित, महामंत्री प्रकाश भार्गव, गौरव इंदौरिया, देवेंद्र भाटी, नरेंद्र प्रजापत, पन्नालाल सोनी, कमल दाधीच, राकेश प्रजापत, नरेंद्र गुर्जर, विपिन प्रजापत, सीताराम माली, राजेंद्र गिड़िया, सुरेश शर्मा, राजेश सैन, जगदीश नाथ, हिमांशु भाटी, भंवरलाल बिजारनीया, मदन गुलेरिया, मनोज दाधीच, सुमित टोकसिया, निर्मल स्वामी, प्रदीप सर्राफ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## लक्ष्मणगढ़ का लाल बना बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बिहार की राजनीति में लक्ष्मणगढ़ के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। दरभंगा सदर विधानसभा से लगातार छठी बार विधायक चुने गए और पूर्व कैबिनेट मंत्री संजय सरावगी को भारतीय जनता पार्टी ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नगर व क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल है। उनके बड़े भाई, लक्ष्मणगढ़ निवासी भाजपा नेता व अग्रवाल संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी ने दी। उन्होंने बताया कि संजय सरावगी वर्तमान में दरभंगा से छठी बार विधायक हैं और हाल ही में कैबिनेट मंत्री के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें बिहार भाजपा की कमान सौंपी है। संजय सरावगी का राजनीतिक सफर छात्र जीवन से ही शुरू हो गया था। उन्होंने एमकॉम और एमबीए की पढ़ाई की है तथा प्रारंभ में भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े रहे। वर्ष 1995 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की औपचारिक सदस्यता ली। इसके बाद वे दरभंगा नगर निगम के पार्षद बने। उनकी सक्रियता और जनता से मजबूत जुड़ाव को देखते हुए भाजपा ने मार्च 2005 में उन्हें पहली बार विधानसभा चुनाव का टिकट दिया, जिसमें उन्होंने भारी मतों से जीत दर्ज की। इसके बाद नवंबर 2005, 2010, 2015, 2020 और 2025 में वे लगातार दरभंगा सदर से विधायक चुने गए। वर्ष 2018 में उन्हें विधानसभा की प्राकलन समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया था, जबकि इसी वर्ष की शुरुआत में वे राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री बने। संजय सरावगी को एक सुलभ और जनप्रिय नेता के रूप में जाना जाता है। कहा जाता है कि वे कार्यकर्ताओं और आम जनता के हर बुलावे पर उनके बीच पहुंचते हैं। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद भी उनका यह स्वभाव बरकरार रहा, जिससे वे कार्यकर्ताओं में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। दरभंगा में एयरपोर्ट, एम्स सहित कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।